इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 199 | राजनांदगांव, शनिवार 07 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए



APEX SUPER SPECIALITY HOSPITAL

राजनांदगांव का एक मात्र क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...



07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654

infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)


# आरसीबी के अधिकारी समेत चार गिरफ्तार; अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

बंगलूरू। बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। उन्हें क्राइम ब्रांच और बंगलूरू पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक अधिकारी समेत चार लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी टीमें मामले को बहुत गंभीरता से ले रही हैं और आखिरकार मामला सीआईडी के पास जाना है। इसलिए सीआईडी के पास जाने से पहले हमारी टीम की ओर से जो भी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी हैं, वे कर रही हैं।



### किसे-किसे गिरफ्तार किया गया?

सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तारी से पहले आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार से पूछताछ की गई। आगे की प्रक्रिया बाद में पूरी की गई। बताया गया कि कुछ को कथित तौर पर शहर के बाहरी इलाके केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से हिरासत में लिया गया था।

### एफआईआर के बाद कार्रवाई

पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार को आरसीबी, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद की है। भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में शामिल होने के लिए उमड़े थे। इससे पहले गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य के डीजीपी और आईजीपी को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आरसीबी और केएससीए के खिलाफ फिर प्राथमिकी दर्ज

**पीड़ित ने हादसे के लिए ठहराया जिम्मेदार**

बंगलूरू भगदड़ हादसे के पीड़ित सी वेणु ने कब्बन पार्क पुलिस थाने में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासनिक समिति और डीएनए इंटरटेंमेंट लिमिटेड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था। बंगलूरू में बुधवार को आरसीबी की जीत का जश्न मनाया गया था। इसके लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया, लेकिन ज्यादा भीड़ आने के कारण स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई और इसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। अब इस मामले को लेकर वेणु नामक पीड़ित ने फ्रेंचाइजी और राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और भगदड़ के लिए इन्हें जिम्मेदार ठहराया है। इससे पहले, कर्नाटक पुलिस ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विस में आरसीबी इवेंट की कर्नाटक सरकार ने दी थी मंजूरी

**भगदड़ के बाद उठ रहे सवालों के बीच सामने आया लेटर**

कर्नाटक सरकार ने 4 जून को विधानसभा के पूर्वी हिस्से में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की फेलिसिटेशन सेरेमनी आयोजित करने के लिए कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अनुरोध को सख्त शर्तों के साथ मंजूरी दी थी. इसमें आयोजन स्थल पर टेंट या किसी तरह की संरचना स्थापित करने पर 15 लाख रुपये बतौर सिक्योरिटी डिपोजिट जमा कराना भी शामिल था. आयोजन समाप्त होने के 3 घंटे के भीतर इन संरचनाओं को नहीं हटाए जाने पर सिक्योरिटी डिपोजिट के 15 लाख रुपये जब्त करने बात भी इन शर्तों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक सरकार का एक्शन, सिद्दरमैया के राजनीतिक सचिव हटाए गए

**इंटेलीजेंस प्रमुख का ट्रांसफर**

बेंगलुरु में आरसीबी के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। लापरवाही और कुप्रबंधन के आरोपों के बाद कर्नाटक सरकार बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर, सेंट्रल डिवीजन के डीसीपी, एसीपी (वेस्ट) और लोकल इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया था। वहीं अब कर्नाटक सरकार ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू को पद से हटा दिया। गोविंदराजू कांग्रेस के एमएलसी हैं और सिद्दरमैया के बेहद करीबी माने जाते हैं। हालांकि उन्हें पद से हटाए जाने की कोई वजह नहीं बताई गई है। सूत्रों के मुताबिक, गोविंदराजू के दबाव के कारण ही सिद्दरमैया ने बधाई कार्यक्रम की अनुमित दी थी। बताया गया कि गुरुवार शाम को हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों ने गोविंदराजू के खिलाफ काफी नाराजगी जताई थी। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने गोविंदराजू को ही हादसे का जिम्मेदार ठहराया। कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि गोविंदराजू ने बेंगलुरु के पुलिस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### सीएम साय ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, नक्सलवाद समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने आज दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने राज्य में माओवाद विरोधी अभियानों में मिली हालिया सफलताओं और बस्तर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से चर्चा की। सीएम साय ने केंद्रीय गृह मंत्री को बताया कि राज्य की नई रणनीति और केंद्र के निरंतर समर्थन से नक्सल विरोधी अभियान निर्णायक चरण में पहुंच गया है। पिछले डेढ़ साल से चलाए गए सघन अभियानों से महत्वपूर्ण परिणाम मिले हैं, जिसमें 1,428 माओवादियों का आत्मसमर्पण भी शामिल है, जो पिछले पांच सालों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।




### छत्तीसगढ़ पुलिस में बड़े पैमाने पर प्रमोशन: 59 अधिकारी बने उप पुलिस अधीक्षक

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग में कुल 59 निरीक्षक, कंपनी कमांडर, प्लाटून कमांडर, रेडियो निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं वरिष्ठ रिपोर्टर संवर्ग के अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) और उसके समकक्ष पदों पर पदोन्नत किया गया है। वहीं उप पुलिस अधीक्षक के पद पर 46 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें सुरेश कुमार भगत, ओम प्रकाश कुजूर, तुल सिंह पटटावी, नोहरलाल मण्डावी, यशकरण द्वीप ध्रुव, शशिकला (मरकाम) उईके, सुशील मलिक, कमलेश्वर कुमार भगत, कुंज बिहारी नागे, बृजेशकुमार तिवारी, रमाकान्त साहू, चंद्रशेखर ध्रुव, एम्ब्रोस कुजूर, इन्द्रभूषण सिंह, विपिन रंगारी, चुन्नू तिग्गा, हरिबिंदर सिंह, रीना नीलम कुजूर, क्रिसेंसिया तिर्की, सुलता चौरे , प्रमोद कुमार किस्पोट्टा, गोपाल सिंह ध्रुवे, गंगा ध्रुवे, सत्यपा तारम (भुआर्य), मीना चौधरी, स्वाती मिश्रा, कुमारी चंद्राकर, मंजूलता राठौर (शेष पृष्ठ 6 पर...)




### छग में अब तक 50 कोविड-19 मरीजों की पुष्टि सभी मरीजों में सामान्य लक्षण

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कोविड-19 के जो भी मामले सामने आए हैं, उनमें अधिकतर मरीजों में सामान्य इंफ्लूएंजा जैसे लक्षण ही देखे जा रहे हैं, जैसे हल्का बुखार, सर्दी-खांसी या गले में खराश। विशेषज्ञों के अनुसार, इन लक्षणों के चलते अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है और मरीजों की स्थिति स्थिर बनी हुई है। अब तक राज्य में कुल 1183 लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 50 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि सभी संक्रमितों में सिर्फ सामान्य सर्दी-खांसी जैसे हल्के लक्षण पाए गए हैं और केवल गंभीर लक्षण वाले व्यक्तियों को चिकित्सालय में उपचार हेतु संदर्भित करने के लिए निर्देश दिये गये है। आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए हैं। जिन व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान कर जांच की जा रही है। साथ ही, उनके निवास क्षेत्रों में स्वास्थ्य दल भेजकर सर्वेक्षण किया गया है।




शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ

डॉ. तरुण ध्रुव

MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY



डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध

प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208


## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में भरी हुंकार: बोले-ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनते ही पाक को शर्मनाक शिकस्त याद आएगी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर को बड़ी सौगात दी। पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पुल का उद्घाटन किया। फिर पीएम मोदी इंजन में बैठकर चिनाब आर्च ब्रिज से केबल स्टे अंजी ब्रिज पहुंचे। रेलवे के अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 46 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के अन्य डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया।



**पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पुल का किया उद्घाटन**

जम्मू-कश्मीर को बड़ी सौगात देने के बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तान ने कभी नहीं सोचा था कि उनके यहां अंदर जाकर आतंक के ठिकानों पर हमला करेगा। आतंक की इमारतें खंडहर बन गई हैं। पाकिस्तान बौखला गया है। पीएम मोदी ने मां वैष्णों देवी को प्रणाम करके भाषण की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा-ये वीर जोरावर सिंह की भूमि है। मैं धरती को प्रणाम करता हूं। आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णों देवी की आशीर्वाद से वादी-ए -कश्मीर रेल नेटवर्क से जुड़ गई हैं। उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला ये रेललाइन प्रोजेक्ट सिर्फ नाम नहीं है, ये जम्मू-कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान है। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है।

### दो दशक में बना चिनाब ब्रिज

चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय लगा है। ब्रिज शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बन जाएगा। पहली बार लोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मेहुल चोकसी के बैंक, डीमैट और एमएफ खाते जब्त, सेबी ने 2.1 करोड़ रुपये की बकाया वसूली के लिए उठाया कदम

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूलने के लिए बड़ा कदम उठाया है। नियामक ने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों और शेयरों व म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को जब्त करने का आदेश दिया है।



यह ताजा कदम 15 मई को चोकसी को जारी किए गए एक डिमांड नोटिस के बाद उठाया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि वह 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में विफल रहता है तो उसकी संपत्तियों के साथ-साथ बैंक खातों को भी कुर्क कर लिया जाएगा। चोकसी द्वारा गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के उल्लंघन के मामले में जनवरी 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह डिमांड नोटिस जारी किया गया। चोकसी, जो गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रमोटर समूह का हिस्सा भी थे, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। 2018 की शुरुआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद चोकसी और मोदी दोनों भारत से भाग गए। अप्रैल में, भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद चोकसी को बेल्जियम में गिरफ़्तार किया गया था। पिछले साल जब वह इलाज के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी ने पीएम पर साधा निशाना, कहा- उन्हें सरेंडर करने की है आदत; देश का एक्स-रे करना चाहता हूं

नालंदा। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को राजगीर पहुंचे। वहां कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन का आयुओजं किया गया।



वहां उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच। ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है। संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं। यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है। इसलिए डरने की जरूरत नहीं है। हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है। मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं.अब तो ज़माना बदल गया है, चिट्ठी नहीं, व्हाट्सएप कर देंगे। ट्रंप ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया। मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है। राहुल गाँधी ने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी दुख की शेयरहोल्डर है। इनकी सत्ता और फैसलों में कोई भागीदारी नहीं है। मुझे अपने देश की सच्चाई जाननी है, इसलिए मैं देश का एक्स-रे करना चाहता हूं। राहुल गांधी ने संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि हिंदुस्तान में जाति नहीं है, तो फिर वे खुद ओबीसी कैसे हो गए? मेरा लक्ष्य है.जातीय जनगणना। मैंने संसद में मोदी जी की आंखों में आंख डालकर कहा कि देश में जाति जनगणना होकर रहेगी। आप लोग भ्रम में मत रहिए. ये जो जाति जनगणना कर रहे हैं, वो असली नहीं है। जिस दिन इन्होंने असली जाति जनगणना कर दी, उसी दिन इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी।

## बकरीद पर न हो बवाल: दिल्ली-यूपी-महाराष्ट्र में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नहीं होगी नमाज, खुले में कुर्बानी पर रोक

नई दिल्ली। बकरीद के त्योहार से पहले कुर्बानी पर सियासी तनातनी छिड़ गई है. कई धर्मगुरुओं और बीजेपी नेताओं ने बकरीद पर कुर्बानी का विरोध किया है तो कई नेताओं ने कुर्बानी के खिलाफ धमकी भरे अंदाज में बयान दिए हैं और इन्हीं बयानों ने बकरीद से पहले सियासी ताप बढ़ा दिया है. कई राज्यों में बकरीद से पहले तीखे बयानों का दौर चल पड़ा है. इसी बीच दिल्ली सरकार एडवाइजरी जारी कर गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी और सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी पर रोक लगा दी है.



दरअसल, बकरीद से पहले यूपी में बड़े पशुओं की कुर्बानी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है... बीजेपी के एक और नेता संगीत सोम ने कहा है कि देश में एक कानून होना चाहिए, कुर्बानी गैरकानूनी है तो नहीं होनी चाहिए. हिंदुओं की बलि प्रथा पर रोक क्यों है. बलि प्रथा पर रोक है तो कुर्बानी क्यों होगी, कुर्बानी जैसी व्यवस्था बिल्कुल बंद होनी चाहिए.

इसी बीच यूपी पुलिस के डीजीपी ने सख्त गाइडलाइन जारी की है. एडीजी, आईजी और एसपी को निर्देश है कि सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों पर पुलिस, पीएसी और होमगार्ड की पर्याप्त तैनाती की जाए. दंगा निरोधी उपकरणों से लैस क्विक रिस्पॉन्स टीम तैयार रखी जाए, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले और भड़काऊ पोस्ट पर सख्त चौकसी रखी जाए. ईद से पहले दिल्ली सरकार ने सख्त गाइडलाइन जारी की है. गाइडलाइन में साफ कहा गया है कि खुले में या प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी की जाती है तो ऐसी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी. एडवाइजरी में गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है. इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों जैसे सड़क, गली या किसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश, ड्रोन से अटैक... रूस ने दिया यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब का करारा जवाब

नई दिल्ली। रूस ने यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब का करारा जवाब दिया है. रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला करते हुए कई दिशाओं से बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन दागे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला रणनीतिक रूप से समन्वित था और इसमें रूस ने एक साथ कई ठिकानों को निशाना बनाया है.



सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि रूस ने कई दिशाओं से बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के जरिए यूक्रेन पर हमला किया है. यह जानकारी वायुसेना ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर शेयर की. हमले के दौरान राजधानी कीव में कई स्थानों पर विस्फोट और आग लगने की घटनाएं सामने आईं. कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ तिमुर त्काचेंको के अनुसार गिरते हुए मलबे और ड्रोन हमलों से कई इमारतों में आग लग गई. त्काचेंको ने आरोप लगाया कि रूस ने रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया, जिससे सोलोम्यांस्की जिले की एक ऊंची इमारत को नुकसान पहुंचा. वहीं, कीव के मेयर विताली क्लित्सको ने भी होलोसीवस्की और डारनित्सकी जिलों में आग लगने की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि राजधानी के ओबोलोन क्षेत्र में यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है. क्लित्सको ने टेलीग्राम पर अलर्ट जारी करते हुए कहा कि राजधानी पर हमला जारी है. शेल्टर में रहें और सतर्क रहें.

### यूक्रेन ने किया था रूस पर बड़ा हमला

दरअसल, यूक्रेन की स्पेशल फोर्स ने हाल ही में रूस पर ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक की थी. यूक्रेन ने रूस के हवाई ठिकानों को निशाना बनाया था और जमीन पर मौजूद 41 रूसी बमवर्षक विमानों को तबाह कर दिया था. अनुमान के मुताबिक रूस के 30 फीसदी से ज्यादा बमवर्षक बेड़े टीयू-95, टीयू-22 और ए-50 हवाई रडार को यूक्रेन के ड्रोन अटैक से नुकसान हुआ था. अब रूस ने अपने इस नुकसान का बदला ले लिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे राष्ट्रीय चुनाव, सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने किया ऐलान

ढाका। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को एलान किया कि अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जाएगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार तीन मुख्य उद्देश्यों सुधार, न्याय और चुनाव के आधार पर सत्ता में आई है। अपने संबोधन में यूनुस ने कहा, सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य चुनाव आयोजित करने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की है। इसके अलावा, न्याय, सुधार और चुनाव से संबंधित चल रही सुधार गतिविधियों की समीक्षा के बाद मैं आज देशवासियों को घोषणा कर रहा हूं कि अगले राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे।



उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी उपाय कर रहे हैं कि देश इस अवधि के दौरान स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव कराने के लिए तैयार हो। चुनावों में बार-बार हेरफेर के जरिए एक राजनीतिक दल फासीवादी शासन में बदल गया। जिन लोगों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा निवास



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज आज राजनांदगांव शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निवास पहुंचकर उनके परिवार जनों से मुलाकात किया और श्री छाबड़ा के पिता के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान कांग्रेसजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### आज तहसील कार्यालय घुमका में राजस्व शिविर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालयों में जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 7 जून को तहसील कार्यालय घुमका में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। नागरिक शिविर में शामिल होकर राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण करा सकते है।

कलेक्टर ने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई : 6.300 बल्क लीटर देशी दारू संत्री एवं एक मोटर सायकल जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, कोचियों, सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त जीपीएस दर्दी ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत 6.300 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री एवं तथा एक मोटर सायकल जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना छुरिया क्षेत्र अंतर्गत मोहगांव से आमगांव रोड में राजेश मुगनकर के कब्जे से 70 नग 90 मिली देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित कुल मात्रा 6.300 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी-08-एबी-2918 पर परिवहन करते हुए विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह, अनिल सिन्हा, भोजनारायण उइके शामिल थे। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

### कल जंगलेसर में भव्य मानस गोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव के तत्वाधान में एक दिवसीय श्रीराम चरित मानस गोष्ठी का आयोजन ग्राम जंगलेसर में 8 जून रविवार को रखा गया है। जिसमें अंचल से मानस के विभिन्न व्याख्याकार, संगीतकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अतः समस्त मानस प्रेमियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राम कथाओं का लाभ लें।

### तारा बाई गायधनी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्रीयन तेली समाज राजनांदगांव लोहार पारा निवासी तारा बाई गायधनी पति स्व. उमाशंकर गायधनी का आज 6 जून दिन शुक्रवार को स्वर्गवास हो गया है, इनकी अंतिम यात्रा कल 7 जून दिन शनिवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान लोहार पारा से लखोली नाका मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।







# हर्षोल्लास के साथ मनेगी आज नगर में बकरीद

राजनांदगांव (दावा)। ईश्वर के प्रति अद्वितीय प्रेम, समर्पण एवं त्याग की भावना का प्रतीक मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा जिसे ईदुज्जुहा या बकरीद भी कहते है। आज नगर में परंपरागत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।

शहर के सभी मस्जिदों के मुतवल्ली साहबान द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार खराब मौसम के कारण ईद-उल-अजहा की नमाज मठपारा स्थित ईदगाह में न होकर शहर की विभिन्न मस्जिदों में प्रातः निर्धारित समय पर मस्जिद में पेश इमामों द्वारा अदा कराई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विशेष सामूहिक नमाज शांति नगर शाहे मदीना मस्जिद में प्रातः 7.30 बजे, कन्हारपुरी मस्जिद में प्रातः 8 बजे, नूरी मस्जिद गौरी नगर में प्रातः 8.15 बजे, तुलसीपुर मस्जिद में प्रातः 8.30 बजे, गोल बाजार मस्जिद में प्रातः 8.45 बजे तथा जामा मस्जिद नंदई में प्रातः 9 बजे, अल अजीज मस्जिद इंदामरा में प्रातः 9.30 बजे ईदुज्जुहा पर्व की विशेष नमाज अदा की जाएगी। सभी मस्जिदों के पेश ईमाम नमाज के पूर्व ईदुज्जुहा पर्व की पृष्ठभूमि, विशेषता एवं महत्व पर प्रकाश डालेंगे। नमाज के पश्चात् शहर एवं मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगी जाएगी। शहर के मुस्लिम धर्मावलंबी अपने-अपने मोहल्लों के पास स्थित मस्जिदों में इकट्ठा होकर ईद की सामूहिक नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश करेंगे।




प्रेम, त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा, परंपरागत श्रद्धा से मनाया जाएगा ईदुज्जुहा का पर्व

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी हाजी हलीम बख्श गाजी ने बताया कि एकेश्वरवाद ईस्लाम का सर्वप्रथम सिद्धांत है। ईश्वर अल्लाह एक है। अल्लाह ही सर्वशक्तिमान है और उसकी इच्छा से ही सारी सृष्टि की व्यवस्था चलती है। अल्लाह द्वारा भेजे गये सबसे पहले पैगम्बर हजरत आदम अलैहिस्सलाम थे। अंतिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) से पूर्व अरब से की धरती पर पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने जन्म लिया। जिन्होंने अरब की जनता की तन, मन, धन से सेवा की तथा अरब की जनता से कहा कि अल्लाह एक है, अल्लाह की उपासना करों। एकेश्वरवाद की शिक्षा के अग्रदूत हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम थे। यह पर्व इनके ईश्वरीय मार्ग पर त्याग, बलिदान और समर्पण का प्रतीक है। ईद-उल-अजहा का पर्व हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की उस बेमिशाल ईसार और कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। उन्होंने ही मक्का में काबे शरीफ की नींव रखी। इस अवसर पर दुनियाभर के मुसलमान पवित्र मक्का पहुंचकर खान-ए-काबा का तवाफ करते है और इस्लाम धर्म के पांचवे स्तंभ हज का फर्ज अदा करते है।

मुसलमानों के पवित्र त्यौहार ईदुल फितर के पश्चात् ईदुज्जुहा या ईद-उल-अजहा या जिसे बकरीद भी कहा जाता है, मनाया जाता है। यह पर्व सारे विश्व में पारस्परिक श्रद्धा से मनाया जाता है और मुस्लिम भाई इस दिन अपने घरों में कुर्बानी की रस्म अदा कर अपना ईमान ताजा करते है। ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर शहर की सभी मस्जिदों के मुतवल्ली साहेबान के साथ ही समाजसेवी बहादुर अली, सुल्तान अली, हाजी रईस अहमद शकील, अंजुम अल्वी, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, पूर्व राज्यमंत्री अकरम कुरैशी, समाजसेवी एवं अधिवक्ता हाजी हलीम बख्श गाजी, प्रदेश इंका महामंत्री शाहिद भाई, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली, रज्जाक बड़गुजर, मो. इरफान शेख, डॉ. आफताब आलम, जलालुद्दीन निर्वाण, सैय्यद अफजल अली, जावेद अंसारी, एजाज अहमद, कादीर बडगुजर, यंग मुस्लिम कमेटी के हाजी मो. फारूख, जनाब अय्यूब भाई, मो. सईद खान, रहीम मेमन, वकील आदि ने भी सभी मुस्लिम भाईयों एवं नगरवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश करते हुए यह त्यौहार सौहाद्रपूर्ण ढंग से पारंपरिक रूप से भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।

### कबीर जयंती पर 11 जून को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# बारिश का दौर थमा, फिर से चढ़ने लगा तापमान

- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म राजनांदगांव जिला
- लोग चिपचिपी गर्मी व उमस से होने लगे परेशान

राजनांदगांव (दावा)। एक बार फिर मौसम अपने पुराने ढ़र्रे में आ गया है। जेठ के महिने में बारिश का स्वाद चखाने के बाद सूरज फिर से अपना तेवर दिखाने लगा है। दिन में तीखी धूप चूभने लगी है। वहीं दोपहर में गर्म हवाओं के थपेड़े चलने लगे हैं। इससे बाजार में दोपहर के समय फिर से सन्नाटा पसरने लगा है।

बता दें कि पिछले दिनों प्री-मानसून ने दखल देते हुए हवा तूफान के साथ बारिश की स्थिति बन आई थी। अब अरब सागर की ओर से आने वाली मानसूनी हवाओं के कमजोर पड़ने से मानसून की गतिविधियों थम गई है। मानसून के कमजोर होने का सीधा असर तापमान में देखने को मिल रहा है। गुरुवार को जहां अंचल का तापमान 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया था। साथ ही कुछ छींटे भी पड़ने लगे थे। वहीं शुक्रवार को यह तापमान बढ़कर 41.5 डिग्री (2.5) चला गया है। जो पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसमें 3 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

#### अचानक थमा बारिश का दौर

बताते चले कि इस बार मानसून ने समय से पहले 28 जून को ही अपनी दस्तक दे दी थी। मानसून पहुंचने के पहले ही बारिश का दौर देखने को मिल रहा था। अब इसमें अचानक से रोक लग गई है। जून माह की शुरुआत में ही मानसून के रूक जाने से बारिश का दौर थम सा गया है। हालांकि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इससे प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। गरज चमक के माहौल के साथ हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना जताई जा रही है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा की मानें तो उत्तरी कर्नाटक और उससे सटे मराठवाड़ा व तेलंगाना पर ऊपरी हवाओं का चक्रवाती परिसंचरण अब उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और उसके आसपास के इलाकों के समुद्र तल से 301 किलोमीटर ऊपर स्थित है। वहीं अरब सागर में मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण मानसून की गतिविधियां रुक सी गई है। इसके चलते फिर से तीखी धूप और गर्म हवाओं का दौर देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि आने वाले 4-5 दिनों तक यही स्थिति बनी रह सकती है। इसका सीधा प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर देखा जा सकेगा।

### पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 पौवा अंग्रेजी व्हिस्की जम्मू शराब एवं बिक्री रकम की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला चौकी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी के पास से 19 पौवा अंग्रेजी व्हिस्की जम्मू शराब एवं बिक्री की रकम 300 रुपए जब्त की है। पुलिस ने डोंगरगढ़ निवासी उक्त आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। चौंकी पुलिस कृष्णा पाटले ने आरोपी का नाम सावंत बागमारे पिता हेमंत बागमारे उम्र 34 साल भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ बताया है।

कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालो पर पुलिस चौकी चिचोला द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। गत 5 जून को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से पंजाब केसरी ढ़ाबा महाराजपुर में अवैध शराब रखकर बिक्री कर अवैध धन अर्जित कर रहा है। इस पर गवाह नौशाद खान बृजलाल सिंह को धारा 179 बीएनएस की नोटिस देकर मुखबीर सूचना से अवगत कराकर मौके पर पहुंचा तो वह पुलिस पार्टी को देखकर इधर-उधर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी सावंत को अभिरक्षा में लिया गया और गवाहों की उपस्थिति में वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से एक हरा रंग के थैला में रखा 19 पौवा अंग्रेजी व्हीस्की जम्मू शराब प्रत्येक में 180 मिली लीटर भरा हुआ सील बंद कुल मात्रा 3420 बल्क लीटर कीमती 2280 रूपये एवं बिक्री रकम 300 रूपये कुल जुमला 2580 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(ए) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित



आयोजन की सफलता के लिए प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक पूरे होने के उपलक्ष में भाजपा अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रमों की सफलता के लिए जनाब शेख ने एक प्रभारी व तीन सह प्रभारी की नियुक्ति की हैं। प्रेस को जारी बयान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि मोदी सरकार की सफलता से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बहुत खुश है। लंबी अवधि तक शासन चलाने के लिए मोदी सरकार को बधाई देते हुए जनाब शेख ने कहा कि देश की जनता का भरोसा कांग्रेस पर से उठ चुका है।

अब जनता बार-बार भाजपा सहित राजग को सुनना चाहती है। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम के लिए मोहम्मद इरफान शेख ने मोर्चा के जिला महामंत्री जहीर अब्बास को प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ ही हैरी जोसेफ और असलम खान दोनों जिला उपाध्यक्ष को सह प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा मोर्चा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर को भी सह-प्रभारी नियुक्त किया है। जनाब शेख ने भरोसा जताया है कि इन चारों के प्रभार में सभी कार्यक्रम पूरी तरह सफल होकर रहेंगे। जनाब शेख ने बताया कि उनकी नियुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद और राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के निर्देशानुसार की गई है।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाया गया पर्यावरण दिवस



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा ग्राम देवादा में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर प्रकृति को सदा शुद्ध रखने की प्रेरणा ग्रामवासी को दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने कहा कि सिर्फ पेड़ लगा देना ही पर्यावरण दिवस मनाना नहीं है। बल्कि सदा हम अपने मन में पवित्र विचार वातावरण में प्रवाहित करते रहे। इससे भी पर्यावरण पवित्र एवं शुद्ध होता है। प्रकृति हमारे पवित्र विचार को ग्रहण करती है और सुख शांति का अनुभव करती है। इस अवसर पर अमरूद, बरगद एवं नीम का पौधारोपण भी किया गया तथा इसकी मां बनकर बच्चे की तरह रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित ब्रह्माकुमार झालम भाई ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लाभ ग्रामवासियों को बताते हुए उनको पर्यावरण के प्रति जागरूग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी लोकेश्वरी बहन, ब्रह्माकुमार प्यारेलाल भाई, भागवत कुंभकार, सरपंच बहन श्रीमती लक्ष्मी साहू, उप सरपंच राम नारायण एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

**शुभांक**

बी. के
1-4-0
255-2 247-3
राजधानी
3-5-8
237-2 399-1

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202505095000059**

विषयः- अ-74 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2024-2025 बांसपहाड़ (प.ह.नं. 00005), पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-हिरदेराम, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक हिरदेराम पिता थानूराम जाति गोंड ग्राम बांसपहाड़, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम से कृषक ग्राम बांसपहाड़, तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि ख.नं. 30/2, 57, 58, 108/2 रकबा 2.1150, 0.3240, 0.4490, 0.1620 हे. भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 09.06.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/05/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
लाल बहादुर नगर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भारती यादव आ. मनोज कुमार यादव आयु 24 वर्ष, निवासी कौरिनभांठा वार्ड नं. 44, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम मारती यादव को त्यागकर नया नाम भारती यादव रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम भारती यादव आ. मनोज कुमार यादव से ही जाना पहचाना जावें। इस हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं।

शपथकर्ती
भारती यादव
आ. मनोज कुमार यादव
निवासी कौरिनभांठा वार्ड नं. 44,
तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### वार्ड भ्रमण में आज ममता नगर में आयुक्त ने सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है। भ्रमण में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रातः साफ-सफाई एवं वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कड़ी में आज उन्होंने ममता नगर क्षेत्र में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



मोतीपुर रेल्वे लाईन के किनारे नाला सफाई के दिये निर्देश, 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर में पीठ निर्माण जल्द पूर्ण करने कहा

आयुक्त ने 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस देवे एवं शत्-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे। उन्होंने ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सड़क में मलमा व निर्माण समाग्री रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने कहा गया। इसके अलावा मोतीपुर रेल्वे लाईन के किनारे कचरा उठाने एवं नाली सफाई कराने निर्देश दिए। आयुक्त ने विकास कार्यो के निरीक्षण में एसएलआरएम सेंटर में पीठ निर्माण कार्य में तेजी लाकर बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ममता नगर में उद्यान निर्माण का जायजा लेकर उद्यान के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यो की मानिटरिंग करे और समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

### आईटीआई राजनांदगांव में मेगा कैम्पस प्लेसमेंट 16 को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षक संस्था राजनांदगांव में 16 जून को सुबह 10 बजे से इनोवेशन कम्स ज्वाइंटली (आईसीजे) द्वारा मेगा कैम्पस प्लेसमेंट आयोजन किया गया है। मेगा कैम्पस प्लेसमेंट में शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं एवं पालीटेक्निक के सभी ब्रांच से वर्ष 2020 से 2024 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2023-2025 व 2024-2025 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो, बायोडाटा के साथ शामिल हो सकते है।

# बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने लगे ठेला, झोपड़ियों को निगम अतिक्रमण दस्ता द्वारा हटाया गया





राजनांदगांव (दावा)। शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिकमण दस्ता द्वारा आज बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने से 5 ठेला एवं 2 झोपड़ी हटाया गया।

शहर के चौक-चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता कार्यवाही कर रही है। बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने ठेला एवं झोपड़ी शेड बनाकर होटल, फल, पान आदि व्यवसाय किया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गई थी। समझाईस उपरांत भी नहीं हटाने पर आज निगम का अमला द्वारा 5 ठेला एवं 2 झोपड़ी शेड हटाया गया और 3 ठेला स्वयं हटाने कहा गया। इसी प्रकार शहर के अन्य क्षेत्रों में यातायात बाधित करने वाले तथा नाली के उपर रखे ठेला खोमचा समझाईस उपरांत हटाया जा रहा है।

आयुक्त ने अपील करते हुए कहा है कि शहर के चौक-चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार नाली के उपर अतिक्रणम करने से बारिश के मौसम में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी। उससे पूर्व हटा लेवे। अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

# सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव संस्कारधानी से लगे हुए सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में विगत दिनों 1 जून को वृहद स्तर पर सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं भजन समारोह में प्रमुख अतिथि नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल और जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, दीपक चौहान भाजपा नेता एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत खैरा, भोजराम पडौटी सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरी, चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष नरबद वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि नीलू शर्मा ने अपने संबोधन में विशेष रूप से धार्मिक क्षेत्र ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी को पर्यटन स्थल के रूप में शामिल करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों से परीक्षण कराकर अतिशीघ्र पर्यटन मंडल में शामिल करने की आश्वासन दिया। क्योंकि ग्राम पेंडरी में त्याग वैराग्य तपोनिषठ पंथ 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के पावन जन्मस्थली भूमि पर कबीर पंथ के धर्मानुरागी संत महापुरुषों बहुतायत रूप से देश-विदेश एवं भारत के अनेकों प्रांतों से सद्गुरु कबीर दर्शन यात्रा हेतु पंथ हजूर साहेब के पावन जन्मभूमि पर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने आप गौरवान्वित महसूस करते हैं। साथ ही साथ इस ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में वर्षभर धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और चातुर्मास पर्व पर गुरू पूर्णिमा से देवशयनी एकादशी तक लगातार सत्संग-प्रवचन, भजन संध्या का आयोजन अलग-अलग विद्वत संत महापुरुषों के पावन सानिध्य में ज्ञान भक्ति और उपासना की सत्संग चर्चा चलता रहता है।

इस प्रकार से इस पावन ग्राम के ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी को छग पर्यटन मंडल में शामिल करने पर विशेष जोर देकर प्रकाश डाला। सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ने कबीर साहेब महिमा के बारे में विस्तार से अपने अध्यात्मिक दिव्य सत्संग के माध्यम से श्रोताभक्त, हंसजनो को ज्ञान, भक्ति और रहनी-गहनी के बारे में समझाकर मन गदगद कर दिया। साथ ही साथ दूरदर्शन एवं रेडियो कलाकार सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं साथी द्वारा मनमोहक भजनामृत रसपान कराया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग करने वाले नरबद वर्मा अध्यक्ष चातुर्मास आयोजन समिति, वीपी वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, हेमंत कुमार साहू सेवानिवृत्त शिक्षक डोंगरगढ़, मंथीर गुरुजी सेवानिवृत्त शिक्षक डोंगरगढ़, श्रीमती सुजाता साहू शिक्षिका एवं उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगढ़, तुलसी राम साहू वरिष्ठ समाजसेवी, गंगा प्रसाद डड़सेना जैसे अनेकों गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति थी। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

# सिर दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, मिर्गी, लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे, नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्किनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान, नाक, गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटियों को बसंतपुर पुलिस ने धर दबोचा




**गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया गया पेश**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वहीं आदतन बदमाश व असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई की गई है। बसंतपुर थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध शराब कोचिया के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है। जिसमें आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब एवं शराब बिक्री रकम 200 रूपये जप्त किया गया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई हैं। श्री साहू ने गिरफ्तारी वारंट वाले पकड़े गए आरोपियों में कुलदीप बोरकर पिता दुर्योधन बोरकर उम्र 40 साल निवासी शिवनगर वार्ड नं. 42, शंकर रजक उर्फ बंठा पिता बसंत रजक उम्र 21 साल निवासी बांसपाई पारा, मनोहर सोनकर पिता रामजी सोनकर उम्र 28 साल निवासी इंदिरा नंगर, रत्नेश सिंह ठाकुर पिता स्व. भगत सिंह ठाकुर उम्र 22 साल निवासी ब्राम्हण पारा, समंथ गोड पडौती उर्फ दद्दू पिता स्व. बीरसिंह उम्र 28 साल निवासी खाल्हेपारा बताया है। इसी तरह अन्य आरोपियों में अभिषेक मेश्राम पिता राहुल मेश्राम उम्र 26 साल निवासी बसंतपुर डबरीपारा को गिरफ्तार किया गया है।

## अवैध शराब की बिक्री

इस कार्रवाई के तहत मुखबीर से सूचना पर आरोपी अभिषेक मेश्राम कोढ़ीखाना बस्ती अंदर अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने से उसके कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा शराब एवं बिक्री रकम 200 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई।

# आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक यंत्र से आग को बुझाने कुशलतापूर्वक दिया गया प्रशिक्षण







राजनांदगांव (दावा)। छग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं जिला राजनांदगाव की टीम के फायरमैन राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा व्याख्यान के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक यंत्र से प्राथमिक आग को बुझाने के लिए कुशलतापूर्वक प्रशिक्षण तथा अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी भी दिया गया। आग किस चीज में लग सकती है, कौन-कौन से नुकसान हो सकते है। जिससे बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही आग कपड़ों, रद्दी, विद्युत शॉर्ट सर्किट, तेल आदि पर बहुत जल्दी लगती है। जिससे बचाव, अपनी एवं दूसरों की जान कैसे बचाये बताया जाए, आग को लिक्विड फोम, गैस के रूप में एवं पावडर के रूप में बुझाया जा सकने की जानकारी दी। आग ज्वलनसील होने के कारण बहुत सी घटनाएं हो सकती है। जिससे अपनी व आसपास की सुरक्षा के बचाव कैसे किया किया जाए आदि बातें बताई गई।

नगर सेना जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर स्टेशन प्रभारी नायक विमल दास वैष्णव, दिनेश सोनकर, फायरमेन राजेश कुमार सिन्हा, तरुण कुमार साहू ने फायर मॉकड्रिल के माध्यम से आग बुझाने का प्रशिक्षण, गैस में आग लगने पर बुझाने का बहुत ही सुंदर व सहज तरीके से अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

# ग्राम पंचायत तुमडीबोड़ में विशेष ग्राम सभा बैठक संपन्न



तुमड़ीबोड़ (दावा)। आज 6 जून को ग्राम पंचायत तुमडीबोड में विशेष ग्राम सभा बैठक का आयोजित किया गया। उक्त ग्राम सभा बैठक में नोडल अधिकारी रूपेंद्र कुमार सिंह संकाय सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव उपस्थित रहे। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत तुमडीबोड के उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी द्वारा की गई। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए सचिव येवेन्द्र कुमार साहू द्वारा आवास प्लस स्थाई सूची व आवास प्लस 2.0 की सूची का वाचन किया गया।

प्रधानमंत्री आवास के स्थाई प्रतीक्षा सूची में शेष एवं आवास प्लस की सूची में शामिल मृत हितग्राही जिनका वास्तव में कोई उत्तराधिकारी नहीं स्थाई पलायन ऐसे परिवार जिन्हें पक्का मकान निर्माण कर लिया गया हो अथवा अन्य आवास योजना से लाभान्वित एवं बहिर्वेशन मापदण्ड के अनुसार अपात्र परिवार का नाम ग्राम सभा उपस्थित हितग्राही एवं पंचनामा के आधार पर अनुमोदन लिया गया। आवास प्लस सर्वे 2.0 जिसमें स्वयं के द्वारा एवं सर्वेयर द्वारा सर्वे किया गया था उसका वाचन करते हुए अनुमोदन किया गया।

ऐसे हितग्राहियों को जिनका किस्त प्राप्त नहीं होने के पश्चात अभी भी अप्रारंभ एवं प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने में आ रही कठिनाइयों के संबंध में समाधान की समीक्षा व चर्चा की गई। ऐसे पात्र परिवार जो एसईसीसी 2011 एवं आवास प्लस में शामिल है किंतु भूमिहीन होने के कारण आवास स्वीकृति हेतु शेष है ऐसे परिवारों का चिन्हाकन करते हुए भूमि आवंटन हेतु चर्चा की गई।

साथ ही उपसंचालक समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा नशा मुक्ति संबंध में गीत संगीत व प्रोजेक्टर के माध्यम से नशा से होने वाले नुकसान के संबंध में ग्राम सभा सदस्यों को जानकारी देने के साथ उपस्थित सदस्यों को नशा मुक्ति संबंध में संकल्प पत्र भरवाने के साथ शपथ करवाई गई।

बैठक में ग्राम पंचायत तुमडीबोड के पंच आशीष कुमार साहू, दिलीप श्रीवास्तव, नीलकंठ साहू, धर्म गोड, कन्हैया लहरें, पुष्पा साहू, गीता साहू, निर्मला बंदे, लता उईके, नूतन साहू, बासन साहू, मीना साहू, राजेश्वरी साहू, रविना साहू, सत्यभामा यादव के साथ रोजगार सहायक ओमप्रकाश भट्टाचार्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गुमशुदा महिला थनौद में मिली, पुलिस ने किया परिजनों के हवाल



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र में तुमड़ीबोड पुलिस चौकी द्वारा अपने चौकी क्षेत्र की गुम महिला के दुर्ग जिले के अंजोरा ग्राम से खोज निकाला है और उसे सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि विशेष अभियान आपरेशन तलाश के तहत पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ के द्वारा गुमशुदा को दस्तयाब किया गया। उन्होंने बताया कि गुमशुदा महिला श्रीमती प्रभा यादव पति टमेश्वर यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम दीवानभेड़ी पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ को शुक्रवार 6 जून को ग्राम थनौद थाना अंजोरा जिला दुर्ग से दस्तयाब कर उसके परिजन को सुपुर्दनामा में दिया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरी. दिलीप कुमार पटेल, म.प्र.आर. चंद्रकली कंवर, आरक्षक देवानंद परतेती की भूमिका सराहनीय रही है।

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**सफाई कर्मचारियों ने की मानदेय बढ़ाए जाने की मांग**



राजनांदगांव (दावा)। स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष सुखचरण साहू, सचिव दिनेश कुमार वर्मा व ब्लाक अध्यक्ष मंगलेश, गोविंद मंडावी, रुपचंद कोसरे, सालिक यादव आदि ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की मानदेय काफी कम है। इससे उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करने में खासी दिक्कते आती है। अर्थाभाव के चलते उन्हें कर्ज लेकर घर चलानी पड़ती है। सरकार के 100 दिन के पश्चात 50 प्रतिशत वेतन जारी करें। सरकार का प्ले कार्ड लहराते हुए धरना प्रदर्शन में बैठे सफाई कर्मचारी महिलाओं ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों से 43301 अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। स्कूलों में उन्हें केवल 2 घंटे काम करना निर्धारित है, लेकिन अधिकांश स्कूलों में भृत्य नहीं होने के कारण उन्हें पूरा दिन स्कूलों में काम करना पड़ता है। काम के एवज में उन्हें प्रतिमाह केवल 3 हजार से 3400 रुपए मानदेय भुगतान होता है। जो मंहगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा की तरह है। इतने कम पैसों से वे अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पाते। कर्ज लेकर उन्हें घर चलानी पड़ती है। इसलिए सरकार से इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से उनका मानदेय बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरसेटी बरगा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बड़ी संख्या में किया गया पौधरोपण




राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बरगा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत फलदार पौधे का रोपण किया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए वृक्षों की रक्षा करना होगा। छायादार एवं फलदार वृक्ष वन्य प्राणियों व पक्षियों का आश्रय स्थल होता है। इसके साथ ही उन्हें वृक्षों से भोजन भी उपलब्ध होता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरगा के सरपंच विनोद कुमार कंवर, उप सरपंच जागेश्वर यादव, प्राचार्य देवन्द्र कुमार कौशिक, सचिव श्रीमती सुनीता साहू, वार्ड पंच श्रीमती मिनाक्षी अंबादे एवं श्रीमती चमेली कंवर, रोजगार सहायक श्रीमती लता ठाकुर, कार्यालयीन कर्मचारी अनिल साव, रणजीत सिंह, लोकेश सिन्हा, रोहित यादव सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नि:स्वार्थ ठंडा शीतल जल वितरण सेवा में भाग लिया भारत स्काउट गाइड



राजनांदगांव (दावा)। नि:स्वार्थ ठंडा शीतल जल वितरित सेवा समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में सेवा ही उद्देश्य को सार्थक करती हुई चार संस्थाएं मुख्य संयोजक संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति, मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, संत कंवरराम जल सेवा समिति, उदयाचल संस्था परिवार की संयुक्त सहभागिता से प्रतिदिन रेल यात्रियों का स्वागत संस्कारधानी रेलवे स्टेशन पहुंचते ही शीतल ठंडा जल वितरण से स्वागत किया जा रहा है। निरंतर 11 वे वर्ष में अविरल विगत 45 दिनों से प्रतिदिन संस्कारधानी राजनांदगांव में रेल यात्रियों को तपती दोपहरी की भीषण गर्मी में स्वयंसेवक द्वारा श्रमदान सेवा करते हुए प्रतिदिन स्वयंसेवक, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्था, संगठन महिला मंडल सहयोगी सहयोग कर श्रमदान सेवा कर रहे हैं। इस अविरल सेवा प्रवाह की कड़ी में मुख्य अतिथि शरद खंडेलवाल युवा मुख्य संयोजक अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर, विशेष अतिथि महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड राजनांदगांव इकाई, विष्णु प्रसाद साव जिला उपाध्यक्ष ने रेल यात्रियों को जनरल डिब्बे तक नि:शुल्क शीतल ठंडा जल एवं ठंडा मट्ठा छाछ का वितरण करते हुए सहभागी के रूप में मुख्य अतिथि शरद खंडेलवाल के सहयोग से 200 नग मट्ठा छाछ रेल यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत के लिए नि:शुल्क वितरित किया गया।

**0 युवा मुख्य संयोजक अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के सहयोग द्वारा रेल यात्रियों को ठंडा जल एवं ठंडा मट्ठा छाछ वितरण**

**0 200 नग मट्ठा छाछ रेल यात्रियों को तपती दोपहरी की भीषण गर्मी में राहत के लिए नि:शुल्क वितरित**

साथ ही भारत स्काउट गाइड राजनंदगांव के जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, उमेश हथैल अध्यक्ष जिला संघ राजनांदगांव, विष्णु प्रसाद साव जिला उपाध्यक्ष, मयुख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त, देवेंद्र अंबादे जिला सचिव, श्रीमती भारती रजक जिला संगठन आयुक्त गाइड, एवं 20 स्काउट गाइड कैडेट्स युवक-युवतियां श्रमदान सेवा में स्वयंसेवक श्रमदान सेवा सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि शरद खंडेलवाल ने कहा की प्रत्येक को अपने जीवन में सेवा कार्य करते रहना चाहिए। धर्म हमें सिखाता है जो दूसरों की सेवा करें उसे परोपकार कहते हैं। परोपकार नि:स्वार्थ होना चाहिए। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं, सेवा ही धर्म है। स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष विष्णु साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नि:स्वार्थ ठंडा शीतल जल वितरण समिति का मुख्य उद्देश्य ही सेवा ही उद्देश्य है।

मानव सेवा-माधव सेवा के साथ ही स्काउट गाइड का उद्देश्य भी सेवा ही है। जल जीवन का अभिन्न अंग है। सनातन संस्कृति में जल सेवा महत्वपूर्ण माना गया है। उपरोक्त जानकारी नि:स्वार्थ ठंडा जल वितरण समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल द्वारा दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हर्षित सहारे ने दो स्वर्ण पदक प्राप्त किया




डोंगरगढ़ (दावा)। नेपाल के तिलोतमा शहर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में 8 वर्ष के हर्षित सहारे ने दो स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। कोच आशीष कश्यप के मार्गदर्शन में हर्षित ने ट्रेनिंग ली। दिनांक 17 एवं 18 मई को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2025 में हर्षित सहारे ने 8 वर्ष वर्ग काता एवं 8 वर्ष 30 किलोग्राम वर्ग कुमिते में 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

कृष्णा किड्स एकेडमी अमलेश्वर दुर्ग में कक्षा चौथी मैं अध्यनरत है हर्षित। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सिवनीकला निवासी दादा घासीराम सहारे (कोटवार), दादी श्रीमती देवबती सहारे, पिता अजीत सहारे, माता श्रीमती प्रियंका सहारे, बड़े पापा/बड़ी मम्मी प्रेमजीत-श्रीमती ममता सहारे, चाचा/चाची-अजय-श्रीमती संगीता सहारे छोटे बच्चे डिकेश, यश, चिराग, गर्वित, निकिता सहित ईस्ट मित्रों ने हर्षित को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## अनमोल दावा

> **जब मनुष्य के पास सत्य होता है, तब उसके पास धर्म होता है, और जब उसके पास धर्म होता है, तभी ईश्वर उसका साथ देता है।**

# ट्रंप की टैरिफ नीति से सतर्क रहे भारत समझौते पर आगे बढ़ने से पहले करना होगा गहन मंथन

अमेरिका की गिनती उन देशों में होती है, जो एक सुव्यवस्थित ढांचे से संचालित होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी अप्रत्याशित नीतियों से इस ढांचे में हलचल मचाए हुए हैं। एक बड़ी हलचल उनकी टैरिफ नीति के कारण मची है और उसका असर दुनिया भर में है। वह अपनी टैरिफ नीति से दूसरे देशों पर नकेल कसने और अमेरिकी खजाने को भरने का सपना पाले हुए हैं।

उन्होंने बड़े जोर-शोर से टैरिफ का एलान करते हुए उसे अमेरिकी इतिहास में च्लिबरेशन डेज् यानी मुक्ति दिवस की संज्ञा दी थी। हालांकि अमेरिकी तंत्र के जरिये ही उनका यह सपना बिखरता दिख रहा है। उनकी टैरिफ नीति को कानूनी, आर्थिक एवं कूटनीतिक, सभी मोर्चों पर चुनौती मिल रही है। ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रीय आपातकाल का हवाला देते हुए जिस टैरिफ नीति की पैरवी की थी, उसे अमेरिकी संघीय अदालत ने राष्ट्रपति की प्राधिकारी शक्तियों की सीमा का उल्लंघन करार दिया।

अदालत ने कहा कि कांग्रेस यानी संसद की निगरानी के बिना कार्यपालिका को अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्ति अधिनियम के प्रयोग का ऐसा अधिकार नहीं मिल सकता कि वह टैरिफ को लेकर मनमाने फैसले कर सके। वैसे अदालत ने ट्रंप की नीति पर अस्थायी रूप से रोक लगाई है और इसमें आगे सुनवाई जारी रहेगी, लेकिन वैश्विक व्यापार तंत्र पर इसके प्रभाव दिखने लगे हैं। कानूनी मोर्चे से जुड़ा यह मामला टैरिफ नीति का आधा-अधूरा किस्सा है। व्यापार को लेकर ट्रंप का दृष्टिकोण विसंगितयों से भरा है। वह टैरिफ को किसी अक्षय निधि के रूप में देख रहे हैं कि इसके चलते लोगों को आयकर से मुक्ति दिलाई जा सकती है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था का कायापलट हो सकता है। वास्तविकता के धरातल पर उनका यह भ्रम टूट रहा है। टैरिफ के जरिये सरकारी खजाने को भरने की ट्रंप की संकल्पना की न केवल अदालतों, बल्कि सामान्य आर्थिक सिद्धांतों के आधार पर भी हवा निकल रही है। दरअसल ट्रंप ने दोबारा सत्ता में वापसी के साथ ही पहले कार्यकाल वाले अपने ढर्रे को आगे बढ़ाना शुरू किया है। टैरिफ को हथियार बनाना, आपात शक्तियों का उपयोग करना एवं संसद को दरकिनार करना उनकी कार्यप्रणाली के मूल में है। राष्ट्रपति की कमान संभालते ही उनके प्रशासन ने अनाप-शनाप टैरिफ लगाकर कहा कि इसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों को संरक्षण प्रदान करना और सरकारी खजाने की सेहत को सुधारना है, लेकिन अदालत ने उनकी इस राह में अवरोध पैदा कर दिया। अदालत ने कहा कि मनमाने आर्थिक फैसलों के लिए आपात शक्तियों को ढाल नहीं बनाया जा सकता। ट्रंप की टैरिफ नीति की वजह से विधायिका और कार्यपालिका के बीच जो असंतुलन पैदा हुआ, उसे अदालत ने संतुलित करने का काम किया है, लेकिन यह सिर्फ अमेरिका का घरेलू कानूनी मसला नहीं है।

इसके चलते ब्रिटेन से लेकर भारत जैसे उन तमाम देशों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है, जो अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता में लगे हैं। अगर राष्ट्रपति ट्रंप की मर्जी से टैरिफ नीति बने और अदालत उसे खारिज कर दे तो फिर कैसे स्थिर एवं दीर्घकालिक व्यापार समझौतों पर बात बन सकती है? वैसे ट्रंप के लिए यह कानूनी झटका आर्थिक मोर्चे पर भी उतना ही तगड़ा दिख रहा है। ट्रंप दोहरा रहे हैं कि दो लाख डालर से कम की आय वाले अमेरिकियों को आयकर नहीं देना होगा। इसके लिए वह विदेशियों की कमाई पर नजर गड़ाए हुए हैं।

2024 में अमेरिकी सरकार ने 4.9 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर राजस्व अर्जित किया। इसमें से केवल 100 अरब डालर की प्राप्ति आयात शुल्क से हुई। अगर इस साल मई तक इस संग्रह में 47 अरब डालर की बढ़ोतरी और मान ली जाए तो यह भी मामूली ही होगी। ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो का सुझाव है कि सभी आयात पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने से सालाना 600 अरब डालर का राजस्व मिल सकता है। यह आकलन भी बुनियादी गणित पर खरा नहीं उतरता। आखिर ऊंचे टैरिफ को टिकने के लिए आधार भी तो चाहिए।

जब टैरिफ बढ़ते हैं तो सामान्य रूप से आयात की मांग घट जाती है और इसके प्रतिक्रियास्वरूप जितना लाभ मिलता है, उससे अधिक नुकसान होने की आशंका रहती है। पेन व्हार्टन बजट माडल ने इस हानि को लेकर एक बहुत व्यावहारिक आंकड़ा 290 अरब डालर सालाना का दिया है। द टैक्स फाउंडेशन ने करीब 140 अरब डालर का अनुमान व्यक्त किया है। ये सभी आकलन ट्रंप के आयकर से राहत दिलाने वाले उस सपने से बहुत दूर रह जाते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए 2025 में ही 740 अरब डालर की लागत आएगी।

सच तो यह है कि ट्रंप की टैरिफ नीति अमेरिका का अहित करते हुए उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन को बढ़त दिलाने का आधार तैयार करेगी। अपने नागरिकों को आयकर से राहत दिलाने के फेर में ट्रंप उन्हें सस्ते चीनी सामानों की लत लगाने का जोखिम उठा रहे हैं। उनकी टैरिफ नीति अमेरिका के व्यापार साझेदारों के लिए किसी कड़े संदेश से कम नहीं। स्टील-एल्युमीनियम को लेकर ब्रिटेन के साथ बात बनते-बनते बिगड़ गई। जापान, कनाडा और यूरोपीय संघ भी यह आकलन करने में लगे हैं कि टैरिफ को लेकर ट्रंप के पैंतरे में आखिर कितना दम है। भारत के लिए भी यह नाजुक समय है। नई दिल्ली वाशिंगटन के साथ आर्थिक एवं तकनीकी संबंधों को लेकर सतर्कता के साथ कदम बढ़ा रही है। यह समय की मांग है कि यदि ट्रंप की टैरिफ नीति को ध्यान में रखकर ही अमेरिका से कोई समझौता किया जा रहा है तो उस पर गहराई से विचार किया जाए।

# 'ईद-उल-अजहा' त्याग और बलिदान का पर्व

**हलीम बख्श गाजी (एडव्होकेट/नोटरी)**



*''जो रब की याद को दिल में बसा रखता है,*
*खुदा भी मर्तबा उसका बढ़ा रखता है।''*
*मुसलमानो का पवित्र त्यौहार ईद-उल-फितर के पश्चात् ईदुदुजुहा अर्थात*



**आज ईद-उल-अजहा पर विशेष**

ईद-उल-अजहा जिसे सामान्यतः बकरीद भी कहा जाता है, दूसरा बड़ा पर्व है यह पर्व सारे विश्व मे पारम्परिक रूप से श्रद्धा के साथ मनाया जाता है जो ईश्वरीय मार्ग पर त्याग, बलिदान एवं समर्पण का प्रतीक है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के यू तो अनेक पैगम्बर हुये है, उनमें से एक थे पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलहिस्सलाम, यहूदी इसाई और मुसलमान सभी पैगम्बर में उन्हे महान स्वीकार करते है। सभी मानते है कि उन्होने सत्य, धर्म की स्थापना के लिये अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय राह में समर्पित कर दिया था, वे अपने पालनहार खुदा की प्रसन्नता के लिये इतने उत्सूक और उनके प्रेम में इतने विव्हल रहते थे कि, उन्होने अपना घर-बार त्याग दिया, परिजनों को त्याग दिया, धर्म संपत्ति आदि सभी की तिलांजलि देकर उन्होने त्याग और समर्पण की एक ऐसी मिशाल कायम कर दी कि, अपने पालनहार की खुशी प्राप्त करने के लिये उन्होने अपनी बीबी बच्चों को भी अकेला छोड़ना पसंद कर लिया, अपने मालिक का ईशारा पाकर उन्होने अपने होनहार बेटे को भी कुरबान करना स्वीकार कर लिया, यह हजरत इब्राहिम (अलै.) का त्याग बलिदान एवं सर्मपण का अद्वितीय उदाहरण था।

यह हजरत इब्राहिम हीं थे जिन्होने मक्का शरीफ में (काबे) की नींव रखी थी और अपने बेटे हजरत ईस्माईल के साथ उसकी दीवारों की चुनाई का कार्य भी किया था। कुरान शरीफ मे उल्लेखित है कि निःसंदेह सबसे पहला घर जो लोगो ने निश्चय किया वहीं है जो मक्का में है, और यह बरकत वाला और तमाम दुनिया के लोगो के लिये हिदायत के लिये ज्ञातव्य है कि, पुरे विश्व मे इस दिशा की ओर मुंह करके ही नमाज पढ़ी जाती है, काबा की बुनियाद का उद्देश्य इसके सिवाय कुछ नहीं था कि उसमें अल्लाह का स्मरण किया जावे उसका गुणगान किया जावे और वहां सत्य की ज्योति प्रज्वलित की जावे जो इंसान के दिलों को रोशन कर दें, अल्लाह के उस घर को बनाने का एक उद्देश्य यह भी था कि उसे अल्लाह आज्ञाकारियों की भक्ति एवं उपासना का केन्द्र बनाया जावे जहां लोग जमा हो. उल्लेखित है कि इस्लाम धर्म का पांचवा स्तम्भ हज है तथा विश्व के कोने कोने से मुस्लिम धार्मवलंबियों इस पवित्र स्थल का सीधे भाज के ही दिन पूरा करते है।

ईद उल अजहा इब्राहिम अलैहिस्सलाम की उस बेमिसाल ईसार व कुर्बानी की याद मे मनाया जाता है जिसकी संक्षिप्त कथा इस तरह है कि हजरत इब्राहिम (अ) की उम्र के जब नब्बे वर्ष पूरे होने में सिर्फ चार बंध बाकी थे, और वे निःसंतान होकर मायूस हो चले थे, तब वृद्धावस्था मे आपके यहां दो पुत्र हुये बड़े पुत्र का नाम इसहाक और छोटे पुत्र का नाम इस्माईल रखा गया, यू तो अल्लाह ईश्वर का नाम लेना बड़ा आसान है, परन्तु अपने संपूर्ण जीवन को अल्लाह के मार्ग पर समर्पित कर देना आसाननही है, जो अल्लाह की राह पर चलता है उसे कठिन परीक्षाओं से भी गुजरना पड़ता है, हजरत इब्राहिम (अलै.) को भी अपने ईश्वर भक्ति और साधना के दौरान अनगिनत कठिनाई और अग्नि परीक्षाओं के दौर से गुजरना पड़ा था, उन्हे अपना देश घर और अपना सब कुछ छोड़ना पड़ा परन्तु उन्होंने अपनी ईश्वरीय भक्ति से यह सिद्ध कर दिया कि अल्लाह की मर्जी के सामने उन्हे ना अपनी जान प्यारी है, ना माल। हजरत इब्राहिम स अलै. अब अल्लाह द्वारा ली गयी परीक्षाओं में खरे उतरे किन्तु एक परीक्षा शेष रह गयी, वह यह कि हजरत इब्राहिम (अलै.) लगातार तीन दिनों तक यह स्वप्न देखते रहे कि, वह अपने प्यारे बेटे ईसमाईल को जिबह कर रहे है, यह स्वप्न उन्होने छूकमे खुदा बंदी समझकर अपने प्यारे बेटे को बताया जिसे सुनकर बेटे ने जवाब दिया ऐ अजीम बाप, अल्लाह का हुक्म बता लाइये जो हुक्म ख्वाब में हुआ है, उसे पूरा कीजिये, आप मुझे सब्र करने वालो में पायेंगे, जिबह करने से पहले आप मेरे हाथ पांव रस्सी से बांध दीजिये और अपनी आंखो मे पट्टी बांध दीजिये कहीं पैसा न हो कि, आप मेरी मौत देखकर आपकी मोहब्बत जोश मे ना आ जाये और आप विचलित हो उठे तथा आप खुदा का हुक्म पूरा करने से वंचित रह जाये।

हजरत इब्राहिम अलै. अपने प्यारे बेटे हजरत ईस्माईल अलै. हिस्सलाम को लेकर मीना के मुकाम पर गये और अपने उस मासूम बेटे को जमीन पर लिटाकर एक तेज़ धार वाली छूरी प्यारे बेटे के गले पर चला दी किन्तु इतनी तेज धारदार छूरी होने के बावजूद हजरत ईस्माईल अलै. के गले पर खरोंच तक नह आई। तीन बार छूरी चलाई गई मगर कोई असर नही हुआ । वहीं छूरी हजरत इब्राहिम (अलै.) के पास पड़े पत्थर पर मारी तो पत्थर के दूकड़े हो गये, तभी ईश्वरीय वाणी आकाश मे गूंज उठी, रै- इब्राहिम तेरी कुर्बानी कुबूल हुई, तू इम्तहान में कामयाब हुआ। और इतने में अल्लाह के हुक्म में ईश्वरी दूत जिब्रील अलै. ने हजरत इब्राहिम के बेटे की जगह कुर्बानी के लिये दुम्बा (भेंड़) पेश कर दिया जिसकी कुर्बानी की गयी, इसी प्रसंब प्रसं को लेकर विश्व भर के मुस्लिम धर्मावलंबी ईद कुर्बा जिसे ईद अजहा अथवा बकरीद भी कहते है, पारम्परिक रूप से मानते चले आ रहे है।

ईद-कुर्बा हजरत इब्राहिम अलै. की कुर्बानी की यादगार ही नहीं बल्कि इसका उद्देश्य यह भी है कि, हम गरीबो, मुहताजों को पेटे भर खाना खिलावें, क्योंकि यह ईट हमें अल्लाह के उन तमाम अहसनात की याद दिलाती है जो हमें जानवरों से लाभान्वित होने, अपने अंदर के हैवान को जिबह करने अपनी रूहानी कुव्वत को पर्वान चढ़ाने अपने अंदर कुर्बानी की सही जज्बा पैदा करने की इजाजत देता है, इस पर्व का उद्देश्य अल्लाह की श्रेष्ठता और उसके स्वामित्व को स्वीकार करने के लिये है, ताकि व्यक्ति मन और आचरण से भी यह बात स्वीकार कर ले कि सभी कुछ और सृष्टि अल्लाह की है और उसने इस सृष्टि को प्रदान किया है, इंसान और इस्लाम मनोकामना की कुर्बानी है, नमाज और रोजा देह और उसकी शक्तियों की कुर्बानी है। जकात उस माल की कुर्बानी है जो अनेक रूपो में अल्लाह ने दी है। जिबह, समय और मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं की कुर्बानी है। अल्लाह के बताये रास्तो पर चल कर लड़ना, मरना ही जान की कुर्बानी है। यह सब एक एक तरह की नेमत के शुक्रिये है, तथा अल्लाह हमारी भक्ति और रंग नही देखता बल्कि वह हमारे मन एवं कर्म को देखता है।

हम सब यह भी मानते है कि, हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारा नही बल्कि अल्लाह का है, और सारी सृष्टि उसकी है, और समय आने पर हमे अपनी हर चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करने को तैयार है। हम उसकी आज्ञा के सामने न तो अपने मन की बात मानेंगे और ना ही किसी दुसरी की इच्छा की परवाह करेंगे, हजरत इब्राहिम अलै. की बात हमारे लिये बहुत नसीहत है, ईश्वर के प्रति असाधारण प्रेम एवं समर्पण की। इसलिये हम हर वर्ष इस प्रसंग को लेकर ईद-उल-अजहा का पर्व मनाते है और अपना, ईमान ताजा करते है, इसी अवसर पर दुनिया भर के तमास मुसलमान मक्का पहुंचकर ''खान-ए-काबा'' का तबाफ करते है तथा इस्लाम का एक बड़ा ''हज'' अता करते है। अल्लाह हमें और आपको हज के अरकान पूरे करने की तौफीक अता करे। आमीन...

गौरीनगर, राजनांदगांव (छ.ग.)

## विचार सरिता

# जीवनसूत्र : हमारे दैनिक जीवन की हर चुनौती को हम कर्तव्यभाव से स्वीकारें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जीवन गति का नाम है। इसमें नदी की तरह प्रवाह है। अगर नदी एक सीधी सरल रेखा में चले तो वह सार्थक नहीं रहेगी। टेढ़े-मेढ़े रास्तों से चलने के कारण ही वह अधिक से अधिक क्षेत्रो में पहुँच पाती है। अधिकतम क्षेत्रों को सिंचित कर सकती है और लोगों की प्यास बुझा सकती है। नदी के ऐसे विशिष्ट प्रवाहपथ में भी सब कुछ सपाट सरल नहीं है। इसी तरह जीवन है। नदी के मार्ग में आने वाले बड़े पत्थर, गड्ढे, कभी ऊँचाई वाली जगह आ जाने पर मार्ग बदलना, ये सब अवरोध या मोड़ आते रहते हैं। इसी तरह जीवन में भी कभी सुख है तो कभी दुःख है। कभी निराशा, कभी आशा, कभी कष्ट, कभी पीड़ा, कभी सफलता, कभी असफलता, ऐसी द्वंद्वात्मक स्थितियाँ आती-जाती रहती हैं।

वास्तव में अगर नदी का धर्म प्रवाह है तो मनुष्य का धर्म भी जीवनपथ पर अविराम गति है। नदी अपना धर्म नहीं छोड़ती है। मनुष्य भी अपने धर्म का पालन करे। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वधर्म को नहीं छोड़ने में ही उसकी कसौटी है। अगर कठिनाइयों से जूझना उसका धर्म है तो नई चुनौती मिलने पर उसे पीछे नहीं हटना चाहिए।

कई बार मनुष्य अपने सुविधाजनक क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पाने की प्रवृत्ति के कारण अपने वर्तमान में सुधार का प्रयास नहीं करता और हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है। कई बार नई चुनौती से संभावित असफलता और भावी पराजय की आशंका से मनुष्य पीछे हट जाता है। अतः यह आवश्यक है कि वह जीवन की हर तकलीफ, हर कठिनाई, हर कष्ट, हर पीड़ा, हर अवरोध, हर विरोध, हर चुनौती और हर परीक्षा को धर्मयुद्ध की तरह ही ले।

मनुष्य का अपना एक व्यक्तित्व होता है। अपनी प्रतिष्ठा होती है। समाज में अपनी विश्वसनीयता होती है। अगर वह धर्मयुद्ध तुल्य परिस्थिति से पीछे हटेगा, तो स्वाभाविक रूप से उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। धर्मयुद्ध वैयक्तिक दायित्वों के पालन के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी है। एक, शिक्षक, एक किसान, एक सैनिक, एक राजनेता, एक पत्रकार, एक मजदूर सभी अपने-अपने क्षेत्र की चुनौतियों से जूझते समय अपना धर्मयुद्ध ही कर रहे होते हैं।

मार्गदर्शक स्रोत श्लोकः -

अथ चैत्त्वमिमं धर्म्यं संग्रामं न करिष्यसि।
ततः स्वधर्मं कीर्तिं च हित्वा पापमवाप्स्यसि। (2/33)।

इसका अर्थ हैः- भगवान कृष्ण कहते हैं, ''हे अर्जुन! यदि तुम इस धर्मयुद्ध को स्वीकार नहीं करोगे,तो स्वधर्म और कीर्ति को खोकर पाप को प्राप्त करोगे।''

## फोटो ऑफ द डे



## कविता

### //आडंबर//

माँ! हमें नदी किनारे बसना था न? कम से कम पानी तो मिल जाता। यहां तो कोई इंसान हमें झाँकने तक नहीं आता। नीम का छोटा पौधा चिंता व्यक्त करते हुए अपनी माँ से बोला। कोई बात नहीं बेटा, जितना मिले उतने में ही खुश रहना चाहिए। नीम दो टूक उत्तर देकर शांत हो गई।

ये बात तो ठीक है नीम बहन, लेकिन आज-कल हम सभी का जीवन खतरे में हैं। कब सरकारी आर्डर आए और हम पर बुलडोजर चल जाए। बाई ओर से अशोक के पेड़ ने अपने पत्ते हिलाते हुए नीम से कहा।

बरगद, नीम, बांस, शीशम और अन्य पेड़ भी साथ ही रहते थे। सब ने आज अपनी-अपनी बातें रखीं।

पहले कितना अच्छा वातावरण रहता था, लोग गर्मी के दिनों में हमारे पास बैठते थे। शुद्ध ऑक्सीजन लेते थे। अब तो हमें ही ऑक्सीजन की जरूरत सी पड़ रही है। सही कहा बहन आपने, बाँस के पेड़ ने सहमति दी।

खैर, हमें तो ईश्वर का आशीर्वाद मिला है बहन! बरगद के पेड़ ने कहा। उसी समय नीम का पौधा बोला वो कैसे बरगद काका?

बरगद ने हंसते हुए कहा- बेटा! हम तो ऐसे पेड़ हैं, जो स्वयं उग आते हैं। हमें बाकी पेड़ों की तरह रोपने या लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। स्वावलंबी होकर बढ़ते हैं। समझे नीम के बच्चे! बरगद अपनी एक शाखा से नीम को सहलाते हुए बोला।

हाँ! काका, लेकिन आजकल मनुष्य नजर ही नहीं आते हैं। हमसे तो दूर ही रहते हैं बस, सफर करते समय वाहन से झांक लेते हैं। अब कभी आए तो हम भी उनको छाया नहीं देंगे। रूठे स्वर में नीम का पौधा बोला।

तभी उसकी माँ बोली- नहीं-नहीं बेटा हम स्वार्थी नहीं हो सकते। अगर हम स्वार्थी हुए तो भला उनमें और हम में क्या फर्क रह जाएगा?

हाँ नीम जीजी! आप भले ही लोगों के लिए कड़वी दवाई हैं, लेकिन आपको जो स्वीकार कर लेता है। उनके लिए जीवनदायिनी भी हैं। धन्य हैं आप! शीशम के पेड़ ने नीम के सामने सिर झुका कर कहा।

अरे! आज इतनी चहल-पहल कैसे? वो भी इस सड़क किनारे, जहाँ कोई वाहन रुकना भी पसंद नहीं करता। सड़क किनारे विकसित हुई नई कोंपलें बोलीं।

तभी, खैर का पेड़ बोला- आज शाम तक ऐसा ही रहेगा। न जाने कितने ही लोग आयेंगे फोटो खिंचवाएंगे, अखबार में छपने के लिए।

हाँ! बच्चों यहां आज तुम्हारे नए-नए साथी भी आयेंगे। ये हर साल का लोगों का आडंबर है। फिर, कल हम रहें या न रहें, झांकने तक नहीं आएंगे। नाराजगी जताते हुए बरगद बोला।

उसी क्षण पांच-छः मंत्रीगण आए और खाली जगह देख वहां एक शीशम का पौधारोपण करते हुए बोले- आ जाओ सभी, एक साथ फोटो ले लेते हैं। अगले साल ये नीम, शीशम और बरगद के पुराने पेड़ों की कटाई का आर्डर देना पड़ेगा। रास्ता जाम कर बैठे हैं, जड़ें ज्यादा फैल गई है, साथ ही साथ सड़क चौड़ीकरण भी तो करवाना है। पसीने से तर-बतर सभी एक-एक पेड़ की छाया में आराम करते बातें करने लगे। ये सभी की बातें सुनकर नीम के साथ-साथ जितनी भी नई कोंपलें थीं सभी मुरझाने लगे।



**प्रिया देवांगन ''प्रियू''**
**राजिम जिला - गरियाबंद, छत्तीसगढ़**

## सामयिक चर्चा

### नयी कहावत

अखबार पढ़कर,
खिलखिला कर हँस कर,
बानी बोले - ''सुनिए तो गजाधर!
जांजगीर की मजेदार खबर -
आरक्षक शशिकान्त कश्यप
पर आरोप है कि उसने
पुलिस बल में रहते हुए
चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।
शशिकान्त की धन लोलुपता ने उसे
गलत काम करने के लिए प्रेरित किया।
तो उसके मन में ऐसा भाव जगा
कि वह एक संगठित गिरोह की तरह
काम करने लगा।
जॉच में सामने आया
कि आरक्षक शशिकान्त कश्यप
तीन अलग-अलग
चोरी की घटनाओं में शामिल था।
तो वह चोरों जैसी सजा के काबिल था।
आखिर चोर गिरोह चलाने वाले
उस आरक्षक को किया गया गिरफ्तार।
तो इस पर आप क्या कमेन्ट करेंगे यार!''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
पहले, हम भी आपकी तरह हसेंगे।
फिर एक नयी कहावत कहेंगे -
अब तक सुनते आये थे -
'उल्टा चोर, कोतवाल को डाँटे'
पर अब तो भैया। देखो,
'चोर के साथ, कोतवाल भागे।''



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### क्षणिक धारणा

क्यों अपनों से दूर हो चले गए?
क्या बयां करें तुम यों चले गए?
हमसे दूरी बढ़ा कदम बढ़ाया,
मजबूरी, जीवन से तौल गए।
कभी अपना जिनको समझा,
वे ही तुम्हें धोखा दे गए।
जीवन मिला उपहार स्वरूप,
जिसकी कद्र तुम भूला दिए।
जीवन का सत्य, मृत्यु ही है,
स्वयं को तुम असमय गंवा दिए।
क्षणिक धारणा का परिचायक,
आत्महत्या का कदम बढ़ा दिए।
तुम्हें देख शरीर काँप गया,
हम अश्रु से पीड़ित हो गए।



**गजेंद्र बख्शी, अधिवक्ता राजनांदगांव**

## राशिफल



**मेष**

आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था आज करने का दिन है जीवनसाथी और किस्मत दोनों का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से अपने दायरे के कुछ खास लोगों से आपकी अनबन चल रही है, तो आज अनबन दूर हो जाएगी।



**वृष राशि**

आज आपका शुरुवात बढ़िया होने वाली हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी बड़ी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोच समझ कर बात करने की जरुरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी। छात्र आज कोई नया कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। आज अपने पिता की सेहत पर ध्यान देने की जरुरत है।



**मिथुन**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, जल्द ही मेहनत का लाभ आपको मिलने वाला है। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया औद्यौगिक उद्यम शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज आपको किसी काम में पड़ोसियों से लाभ मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा।



**सिंह**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आप परिवार में को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी असहाय की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सिलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी।




**कन्या**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, बातचीत करना थोड़ा कठिन भी रहेगा पर बाद में सफलता मिलेगी। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। जमीन संपत्ति से संबंधित विवादों के निराकरण में सावधानी रखें।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनायेंगे। आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।



**वृश्चिक**

आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी।




**धनु**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुडी जानकारी मिलेगी। स्टूडेंट्स आज स्कूल ट्रिप पे कही बाहर जा सकते हैं। आज आपका घर खुशियों से भरा रहेगा।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।



**कुंभ**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा।



**मीन**

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल भी बना सकता है।

# राजस्व शिविर में 15 किसानों को नि:शुल्क किसान किताब वितरित



डोंगरगांव (दावा)। जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जारी निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान और राजस्व मामलों के निराकरण हेतु सभी तहसीलों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 जून को तहसील डोंगरगांव में भी राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर कलेक्टर और एसडीएम राजस्व सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी आदि उपस्थित रहे। आमजन को एक ही स्थान पर समस्या का त्वरित निराकरण करना और मामले को समझाना भी आसान हो गया। शिविर में कलेक्टर राजनांदगांव ने औचक निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारी-कर्मचारी को समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इस शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से नामांतरण के 47, बटवारा के 26, सीमांकन के 21, बटांकन के 45, त्रुटि सुधार के 48, आय, जाति, निवास के 54, अतिक्रमण के 14, पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से मौके पर ही 75 आवेदन पर त्वरित कार्यवाही कर निराकृत किया गया। एसडीएम श्रीकांत कोर्राम ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। वहीं 15 किसानों को नि:शुल्क किसान किताब का वितरण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजिता पडौती, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सदस्य, पार्षदगण, भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**त्रुटि सुधार के 25 मामलों का त्वरित निराकरण**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम मोहड़ में किया गया पौधारोपण



डोंगरगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ग्राम पंचायत मोहड़ उपसरपंच व अन्य पदाधिकारियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम की महिला, पुरुष, युवा साथी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नीम, करण, अशोक, गुलमोहर, आंवला जैसे फलदार व छायदार पौधों का रोपण किया गया। वहीं उपस्थित लोगों से अपील की गई कि हम सभी संकल्प ले कि अधिक से अधिक पौधा लगाकर अपने गांव और पर्यावरण को हरा-भरा बनाएं। आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्राम पंचायत मोहड़ में पौधारोपण कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उपसरपंच ने पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण के प्रति चिंता जताई और प्रत्येक घर पीछे पौधा लगाने की बात कही। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे। उपसरपंच अंकुश देवांगन ने अपील करते हुए कहा कि सभी अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाए। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मोहड़ के उपसरपंच श्री देवांगन सहित पंच चुन्नी चनाप, आंगनबाड़ी सहायिका व ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

# विष्णुदेव साय सरकार शिक्षा नीति को कर रही शर्मशार - इंद्रशाह मंडावी

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में उतरा कांग्रेस संगठन, प्रेस वार्ता लेकर कहा भाजपा रोजगार व शिक्षा विरोधी



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सरकारी स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। जिसका विरोध भी हो रहा है। कांग्रेस अब युक्तियुक्तकरण के लिए चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी कर चुकी है। इसी के तहत शुक्रवार को कांग्रेस ने केसीजी जिला मुख्यालय के लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता की और युक्तियुक्तकरण को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। कांग्रेस का आरोप है कि शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर शिक्षक के पद खत्म किए जा रहे हैं।

**मोहला विधायक इंद्रशाह मंडावी, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पद्मादेवी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ली वार्ता**

### युक्तियुक्तकरण से 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद होंगे समाप्त

युक्तियुक्तकरण से प्रदेश में 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त होंगे। इसे लेकर मोहला मानपुर के विधायक इन्द्रशाह मंडावी का कहना है कि 10 हजार 4 सौ 63 स्कूल युक्तियुक्तकरण से बंद हो जाएंगे। इन स्कूलों के बंद होने से शिक्षकों के साथ रसोईयों, भृत्य, महिला समूहों के रोजगार पर भी सीधा प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण से सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ेगा। इंद्रशाह मंडावी ने बताया कि मानसून सत्र में कांग्रेस के सभी विधायक इस जन विरोधी नीति को लेकर विधानसभा में अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि इसे लेकर कांग्रेस भाजपा सरकार के खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ेगी सभी जिलों एवं ब्लॉकों में 9 जून से आंदोलन चलेगा। जहां-जहां भी स्कूल बंद होंगे कांग्रेस वहां के ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रदर्शन करेगी। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार वादा कर मुकरने वाली सरकार है। युक्तियुक्तकरण में जमकर खेल हुआ है। खैरागढ़ में व्हाट्सएप में सूची जारी की गई। एक शिक्षिका के साथ भरपूर अन्याय किया गया और दोषियों को बख्श कर प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक को सजा दी गई है। जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा कि भाजपा की नीति स्पष्ट है, कि वह स्कूल बंद कर जगह-जगह शराब दुकान खोलना चाह रही है। कांग्रेस नेत्री पदमा देवी ने कहा कि भाजपा सरकार पढ़ाई बंद कर सबको शराबी बनाने की चाल चल रही है। 10,000 स्कूल खत्म करने की साजिश और 5 लाख बच्चों की शिक्षा सीधे इस नीति से प्रभावित होगी। वार्ता में मुख्य रूप से मोहला-मानपुर विधायक व पूर्व संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल जंघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, जनपद सदस्य व खैरागढ़ ग्रामीण के अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, कांग्रेस नेत्री पद्मा देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. मिहिर झा, कन्हैया सिंह बैस सुनील कांत पांडे, विप्लव साहू सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# पहला कॉलम...

## राज्यपाल रमेन डेका का मानवीय पहल : टीबी रोगियों के लिए पौष्टिक आहार हेतु स्वीकृति की आर्थिक सहायता



मोहला (दावा)। राज्यपाल रमेन डेका ने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के 10 टीबी रोगियों के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए अपने स्वेच्छानुदान मद से 60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह राशि इन रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी गई है। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो सके।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी राज्यपाल द्वारा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 10-10 टीबी रोगियों के लिए कुल 3 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की जा चुकी है। राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में समुदाय की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने जनसहयोग की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि इस तरह की सामूहिक कोशिशों से ही टीबी जैसे गंभीर रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। राज्यपाल की इस पहल को जनकल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

## पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ पौधारोपण



डोंगरगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में पौधारोपण किया गया। साथ ही पौधों को बचाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान फलदार छायादार सहित विविध प्रजाति के पौधे रोपे गए। पौधारोपण संस्था के छात्र-छात्राएं सहित में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, सदस्य गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, हेमंत चोपड़ा, दीना पटेल, संस्था के प्राचार्य बीएल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता आरके गणवीर, वाईआर कोठारी, विमल साहू पीटीआई, योगेश बोकड़े, शैलेन्द्र साहू, देवेंद्र देवांगन, सलूजा राजपूत, पुनीत साहू व्याख्याता तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस : 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नीरज विद्या मंदिर में पौधरोपण किया गया



डोंगरगांव (दावा)। नगर की स्थापित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़-डोंगरगांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत संस्था के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी राम सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधारोपण का कार्य संपन्न किया गया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

## डोंगरगढ़ विकासखंड के तीन ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के 3 ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम चिददो एवं खरकाटोला में दो-दो सीसी रोड निर्माण हेतु 2.60-2.60 लाख रूपए तथा ग्राम चारभांठा में अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को नियमों व प्रावधानों का पालन करते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने एक और म्यूल एकाउंट खाता धारक को किया गिरफ्तार




डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस के द्वारा शुक्रवार को फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्यवाही किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार एक्सिस बैंक शाखा डोंगरगढ़ में खुले विभिन्न म्यूल बैंक खातों में 28 दिसंबर 2023 से 7.10.2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 200000 रू. जमा होना पाया गया, जिस पर 18 मार्च 2025 को थाना डोंगरगढ़ में अप.क्र. 113/2025 धारा-317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 19 मार्च 2025 को तीन खाता धारक पुष्पदीप भाटिया, मिहीर देवांगन एवं खेमेन्द्र साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विवेचना दौरान खाता क्रमांक-917010077576761 के धारक कृष्णा लिल्हारे पिता देवकरण लिल्हारे उम्र 38 साल निवासी ग्राम पीपरखारकला थाना बोरतलाब जिला राजनांदगांव का पता तलाश कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी के खाता में दिनांक 28.12.2025 को 2000 रू. का ऑनलाईन ठगी का पैसा ट्रांसफर होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से बैंक से लिंक मोबाईल सिम, चेक बुक तथा एटीएम को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित होना पाये जाने से आज दिनांक 06.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# पिनकापार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया



हरदी (दावा)। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हमे पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि व पहाड़ सबके महत्व को समझें। हर 5 जून का दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने का मकसद है, लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। इसी तारतम्य में संकुल पिनकापार में पेड़ लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस को सुचारू रूप से मनाया गया। जिसमें हाईस्कूल प्राचार्य के.के. साहू, जीसीएसी रोशन लाल साहू, एसके नुनहारे प्रधान पाठक, डीएस कौमार्य प्रधान पाठक, इंदु भूआर्य शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, एसएल सोनकर प्रधान पाठक, आरके यारदा प्रधान पाठक और नीतेश लोनहारे, शिक्षक टी साहू आदि उपस्थित रहे।

# चखना दुकान के बाहरी संचालकों के ऊपर कार्यवाही करने एसडीएम और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



छुईखदान (दावा)। नगर पंचायत छुईखदान सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित देशी अंग्रेज़ी शराब दुकान के परिसर में संचालित चखना दुकान को बाहरी राज्यों से आये व्यक्तियों के द्वारा संचालित किया जा रहा है जिनके द्वारा चखना दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री देशी अंग्रेजी शराब दुकान के लोगों के साथ मिलकर किया जा रहा है, चखना दुकान चलाने वाले बाहरी दूसरे राज्य के लोगों के द्वारा अपना पुलिस वेरिफिकेशन सत्यापन ही नही कराया गया है।

### चार दिनों पहले एक नगर के युवा की हुई मौत

ज्ञात हो कि चार दिनों पहले नगर के एक युवा की चखना दुकान के गुर्गे के द्वारा किए गए पिटाई से मौत हो गई थी। जिसके कारण क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। जिसे लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास के नेतृत्व में अविनाश ठाकुर एसडीएम छुईखदान एवं पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे को ज्ञापन सौंपा गया है एवं बाहरी लोगों के ऊपर जल्द से जल्द कार्यवाही किए जाने व अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है और कहा गया कि यदि उचित कार्यवाही नही की गई तो उग्र अंदोलन किया जावेगा।

ज्ञापन सौंपने के लिए लोग पैदल जयस्तंभ चौक पर एकत्र हुए और पैदल मार्च करते हुए एसडीएम ऑफिस पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन दिया गया उसके बाद पुलिस थाना पहुंचकर थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे को ज्ञापन सौंपा।

### नगरवासियों ने दिखाई एकजुटता

ज्ञापन देने मुख्य रूप से छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष संजय महोबिया, वृष अधिवक्ता मनोज चौबे, सज्जाक खान नगर पंचायत उपाध्यक्ष, प्रकाश महोबिया पार्षद प्रतिनिधि, शैलेन्द्र तिवारी पार्षद, मनीष कोचर, संजू नेताम, प्रेमसिंह पाल, निशांत वैष्णव, मनोज चौबे, अनिमेष महोबिया, अनुराग सोनी, अख्तर सोलंकी, पवन चंद्राकर, निलेश गुप्ता सहित अनेकों नगरवासी मौजूद थे।

# उद्यानिकी महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



राजनांदगांव (दावा)। पंडित किशोरी लाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनांदगांव में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत उपस्थित थे। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम थीम रखी गई। इसके तहत विद्यार्थी को अपनी मां के सम्मान में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित भविष्य को बढ़ावा देना है।

वर्तमान में बढ़ती गर्मी और प्रदूषण से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने इस स्थिति को और बिगाड़ा है। अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख ने कहा कि पेड़ ठंडक प्रदान करने के साथ कार्बनडाई ऑक्साइड को अवशोषित कर प्रदूषण कम करते हैं। ये ऑक्सीजन देते हैं और परिसर की सुंदरता बढ़ाते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में डॉ. किशन कुमार शर्मा, डॉ. मीनाक्षी मेश्राम, डॉ ममता पटेल, डॉ. सुरभि वर्मा, डॉ. यामिनी सपाहा और विद्यार्थीगण, कर्मचारीगण ने इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षकगण, महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# गंडई के मणिकंचन केंद्र में हुआ वृक्षारोपण, शौचालय मरम्मत की मांग पर गंभीर दिखे अध्यक्ष



गंडई पंडरिया (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के तहत नगर के मणि कंचन केंद्र में नगर पंचायत कर्मियों की ओर से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फलदार, छांवदार पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम के दौरान विशेष आतिथ्य के रूप में शामिल वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे ने भी पौधारोपण किया। वहीं नप के सेवानिवृत्त कर्मचारी शिव ठाकुर ने एक पेड़ मां के नाम का लगाया। जिसके बाद मणिकंचन केंद्र के कर्मचारियों ने बारी-बारी पौधारोपण करना शुरू किया। इस बीच मणिकंचन केंद्र की दीदियों ने शौचालय मरम्मत कार्य करने की मांग नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर से की है। सेंटर के महिलाओं ने बताया की शौचालय टूटी-फूटी अवस्था में होने के कारण उपयोग के लायक नही है। जिसकी वजह से एस.एल.आर.एम सेंटर की महिलाओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है व बाहर में शौच करने के लिए मजबूर हैं वहीं महिलाओं ने बताया की मणिकंचन केंद्र में 32 कर्मचारी कार्यरत हैं। उनकी जायज मांग को गंभीरता से लेते हुए नप अध्यक्ष श्री खुसरो ने निकाय इंजीनियर को अतिशीघ्र मरम्मत कार्य करने के लिए आदेशित किया है।

**कहा - जल्द से जल्द हो मरम्मत का काम**

इस अवसर पर नप अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी पार्षद प्रतिनिधि, मोहसिन खान, रवि जायसवाल, निकाय से इंजीनियर लोकेश शर्मा, शिव ठाकुर मणिकंचन की सुपरवाइजर राखी खान, सलीना खान, गायत्री देवांगन, संजू देवांगन सहित सभी मणिकंचन केंद्र की महिलाएं शामिल रहीं।

# ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ की प्रथम बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। आज ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ का प्रथम बैठक डोगरगढ़ स्थित फॉरेस्ट डिपो के गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ भाजपा प्रदेश संगठन एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ का घोषणा सप्ताह भर पूर्व भाजपा जिला नेतृत्व द्वारा किया गया उसके पश्चात ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ का प्रथम बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में समस्त मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम भारत माता की जयकारा के साथ ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अनिल सिन्हा द्वारा बैठक को संबोधित किया गया। समस्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपनी विचारों को संगठन के पदाधिकारी के बीच रखने का प्रयास किया।

मंडल गठन में प्रमुख पद का दायित्व महामंत्री रवि यादव एवं धरमलाल वर्मा उसी भांति चार उपाध्यक्ष के रूप में बलदेव सिन्हा, हेम कुमार साहू, श्रीमती नीरज छेदैया एवं श्रीमती प्रतिमा खरे मंडल के चार मंत्री मानिक सेन, मनोज वर्मा, उर्मिला कंवर, श्रीमती बिंदा वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर नामदेव साहू, सहायक कोषाध्यक्ष कमल नारायण कंवर, सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश साहू, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र वर्मा, कार्यालय प्रभारी के तौर पर शिवप्रसाद मांडवी को नियुक्त किया गया। इस महत्वपूर्ण दायित्व को सौंपते हुए अध्यक्ष द्वारा अपने संगठन के कार्य को मजबूती प्रदान करने का आहवान करते हुए विचार रखें। साथ ही बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया वर्मा का मार्गदर्शन अनुभव नवनियुक्त पदाधिकारी को संपूर्ण तौर पर प्राप्त हुआ और समस्त पदाधिकारीयों की ओर से मंडल के महामंत्री यादव जी ने वर्मा जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# पहला कॉलम...

## डब्ल्यूडब्ल्यूई के फार्मर चेयरमैन विंस मैकमोहन पर लगा यौन शोषण का आरोप

नई दिल्ली। डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व चेयरमैन विंस मैकमोहन ने टीकेओ ग्रुप होल्डिंग्स के लगभग 250 मिलियन डॉलर (लगभग 21,46,11,24,900 रुपये) के स्टॉक बेचे हैं। ये कंपनी डब्ल्यूडब्ल्यूई और यूएफसी की मूल कंपनी है। विंस लंबे वक्त तक डब्ल्यूडब्ल्यूई के अहम चेहरों में से एक रहे हैं और प्रोफेशनल रेसलिंग की दुनिया में उनकी खासा पहचान है। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, यह बिक्री निजी तौर पर एंडेवर ग्रुप होल्डिंग्स के साथ की गई। यह बड़े पैमाने पर स्टॉक बिक्री तब हुई है, जब मैकमोहन एक सेक्स ट्रैफिकिंग मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा एक नया एंटरटेनमेंट बिजनेस शुरू करने की तैयारी में हैं। साल 2024 की शुरुआत में कई विवादों के सामने आने के बाद, डब्ल्यूडब्ल्यूई और टीकेओ के साथ उनका सार्वजनिक और वित्तीय रिश्ता धीरे-धीरे कमजोर हुआ है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, ये लेनदेन 158.32 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर बुधवार को पूरा हुआ।

## इंग्लैंड रवाना हुए भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हो गई। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के बाद नए भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, हेड कोच गौतम गंभीर, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। वहीं, बीसीसीआई ने भी इसकी तस्वीरें शेयर की हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। इसके बाद शुभमन गिल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, ऋषभ पंत को उपकप्तानी की जिम्मेदारी दी गई। भारतीय टीम में कई युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

इंग्लैंड रवाना होने से पहले खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट पर इकट्ठा हुए। इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा बस से उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर और फील्डिंग कोच टी दिलीप भी दिखाई दे रहे हैं। कप्तान शुभमन गिल, प्रसिद्ध कृष्णा, साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर भी नजर आ रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव को बस से उतरते हुए देखा जा सकता है। भारतीय टेस्ट टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवाओं को भी जगह दी गई है। करुण नायर की भी टीम में वापसी हुई है।

## 'भगोड़ा नहीं, बिजनेसमैन हूं' : विजय माल्या ने 9 साल बाद तोड़ी चुप्पी



नई दिल्ली। उद्योगपति विजय माल्या ने करीब 9 साल बाद अपनी खामोशी तोड़ते हुए उन्होंने खुद को 'भगोड़ा' कहे जाने को गलत बताया और कहा कि यह कोई भागने की योजना नहीं थी। विजय माल्या ने कहा कि वे 2 मार्च 2016 को स्रद्ध मीटिंग के लिए जेनेवा जा रहे थे और इस बारे में वित्त मंत्री अरुण जेटली को बताया था। उन्होंने दावा किया कि उनका पासपोर्ट रद्द हो गया, जिससे वे लंदन में फंस गए। माल्या पर करीब 6,200 करोड़ रुपये के बैंक लोन फ्रॉड का आरोप है, जो ब्याज समेत करीब 9,000 करोड़ रुपये हो जाता है। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक से 900 करोड़ रुपये के डिफॉल्ट का केस भी दर्ज है। यूट्यूबर राज शमानी को दिए इंटरव्यू में विजय माल्या ने कहा, मैं कोई चोर नहीं हूं, न ही यह कोई एस्केप प्लान था। करीब चार घंटे की बातचीत में उन्होंने कई हैरान करने वाले खुलासे किए। साथ ही अपनी जिंदगी, कारोबार, किंगफिशर की विफलता, कर्ज विवाद और जेल की आशंका पर खुलकर बात की।

## बीजापुर मुठभेड़: लगातार दूसरे दिन एक और इनामी नक्सली भास्कर ढेर



रायपुर/बीजापुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक और नक्सली मारा गया है। लगातार दूसरे शुक्रवार को मुठभेड़ में एक और इनामी नक्सली नेता मेलारापु अडेलू उर्फ भास्कर को फोर्स ने ढेर कर दिया है। वह नक्सलियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी का इंजार्च था। मौके से एके-47 रायफल बरामद की गई है। गुरुवार को इसी क्षेत्र में जवानों ने एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली नेता सुधारकर को ढेर किया था। जिले के घने जंगलों में स्थित नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच ज़बरदस्त मुठभेड़ जारी है। शुक्रवार को हुई इस मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने एक 25 लाख के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया है, जो तेलंगाना स्टेट कमेटी से जुड़ा अहम सदस्य बताया जा रहा है। लगातार दूसरे दिन मिली इस सफलता से सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ा हुआ है। सुरक्षा बलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिए हैं। डीआरजी, सीआरपीएफ और एसटीएफ की संयुक्त टीम जंगलों में गश्त कर रही है। मुठभेड़ के दौरान इलाके में भारी गोलाबारी हुई और तगड़ी जवाबी कार्रवाई में यह नक्सली मारा गया।

# जेसी राइडर ने जड़ा तूफानी शतक, ट्रांस टाइटंस ने जीता इंटरकांटिनेंटल लीजेंड लीग का पहला खिताब




**जेएनएन। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रंगारंग समारोह के साथ शुरू हुए इंटरकांटिनेंटल लीजेंड लीग के ग्रैंड फिनाले में पूर्व न्यूजीलैंड बल्लेबाज जेसी राइडर ने 57 गेंद पर 130 रनों की विस्फोटक पारी खेली। जिससे ट्रांस टाइटंस ने इंडियन वॉरियर्स को 30 रनों से हराकर पहले सीजन का खिताब अपने नाम किया।**

हजारों दर्शकों से भरे मैदान में राइडर की यह तूफानी पारी किसी जादूगरी की तरह लग रही थी। उन्होंने 57 गेंद में 16 चौके और 7 छक्के लगाते हुए लगभग 229 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाए और शुरुआत से ही मैच का रुख तय कर दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रांस टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर लीग का अब तक का सबसे बड़ा 259 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, गायक अल्तमश फरीदी और खानपुर से विधायक और लीग के सीईओ उमेश कुमार भी मौजूद रहे। पारी की शुरुआत करते हुए राइडर शुरू से ही आक्रामक नजर आए और उन्होंने ढीली गेंदों का भरपूर फायदा उठाया। उनका पूरा साथ निभाया प्रतीक अठावले ने, जिन्होंने 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 32 गेंदों में 60 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

हालांकि, मिडिल ऑर्डर इस लय को बरकरार नहीं रख सका और ऋषि धवन (15 रन, 8 गेंद), सुमित वर्मा (1 रन, 2 गेंद) और नमन शर्मा (11 रन, 7 गेंद) जल्दी आउट हो गए, लेकिन पारी के अंत में पीनल शाह और प्रशांत गुज्जर ने तेजी से रन बनाकर स्कोर को पहाड़ जैसा बना दिया। खासकर प्रशांत ने जिन्होंने 400 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 6 गेंदों पर 24 रन ठोक दिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन वॉरियर्स को कप्तान प्रियांक पांचाल ने 14 गेंद में 28 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन उसके बाद मौसीफ खान (13 रन, 10 गेंद) और केदार देवधर (19 रन, 11 गेंद) इस लय को बरकरार नहीं रख सके।

टीम के कुछ जल्दी विकेट गिरने के बाद पवन नेगी ने पलटवार की जिम्मेदारी उठाई और 6 चौके और 5 छक्के लगाते हुए लगभग 181 की स्ट्राइक रेट से 76 बनाए, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग न मिलने चलते रनरेट बढ़ता चला गया और इंडियन वॉरियर्स 229/7 तक ही पहुंच पाए और मैच 30 रनों से हार गए।

# पीयूष चावला ने 36 साल की उम्र में क्रिकेट को कहा अलविदा




नई दिल्ली। भारत के दो बार के वर्ल्ड कप विजेता लेग स्पिनर पीयूष चावला ने शुक्रवार को पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखकर इसका एलान किया। पीयूष चावला ने साल 2012 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

36 साल के पीयूष चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैदान पर दो दशक से अधिक समय बिताने के बाद, इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। भारत के लिए खेलने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय सफर का हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी।

बता दें कि भारत के लिए खेलते हुए चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में कुल 1000 से अधिक विकेट हासिल किए। चावला ने 2012 में अपने आखिरी मैच तक, 6 साल में भारत के लिए 3 टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए हैं। मार्च 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट मैच में डेब्यू करके इतिहास रचा था।

उस वक्त चावला की उम्र 17 वर्ष और 75 दिन थी और वे सचिन तेंदुलकर (16 वर्ष 205 दिन) के बाद टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने थे।

# वाहनों की गिरती बिक्री को लेकर राहुल गांधी का दावा फर्जी, इंडस्ट्री डेटा ने बताई सही तस्वीर



नई दिल्ली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि देश में बीते एक साल में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 17 प्रतिशत और कार की बिक्री में 8.6 प्रतिशत की गिरावट हुई है। हालांकि, इंडस्ट्री डेटा कुछ अलग ही तस्वीर बता रहा है।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, देश की ऑटो इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 25 में रिकॉर्ड 43 लाख पैसेंजर वाहनों की बिक्री की है। यह भारत में पैसेंजर वाहनों बिक्री का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

यह आंकड़ा वित्त वर्ष 24 में 42 लाख पैसेंजर वाहनों की बिक्री से 2 प्रतिशत अधिक है। देश में पैसेंजर वाहनों की बिक्री में बढ़त की वजह एसयूवी सेगमेंट का तेजी से लोकप्रिय होना है, जिसकी कुल पैसेंजर वाहन बिक्री में 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। सियाम के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.96 करोड़ यूनिट्स हो गई है। वित्त वर्ष 25 तिपहिया वाहनों की बिक्री भी उच्चतम स्तर पर रही। इस दौरान कुल 7.4 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई, जो कि वित्त वर्ष 24 की कुल बिक्री 6.94 लाख यूनिट्स से करीब 6 प्रतिशत अधिक है।

# वो दिमागी संतुलन खो चुका है, ट्रंप का मस्क पर तीखा हमला



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति उद्यमी एलन मस्क के बीच हाल ही में विवाद खुलकर सामने आ गया है। एक रिपोर्टर की तरफ से यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप की मस्क से बात होने वाली है, तो ट्रंप ने कहा, क्या आप उस आदमी की बात कर रहे हैं जो अपना दिमाग खो चुका है? इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वो फिलहाल एलन मस्क से बात करने में कोई रुचि नहीं रखते। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि मस्क खुद उनसे बात करना चाहते हैं, लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हैं। यह बयान मस्क की तरफ से ट्रंप की आर्थिक नीतियों की आलोचना के बाद आया है। एक दिन पहले एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर तीखा जवाब देते हुए कहा कि ट्रंप कृतघ्न हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर मेरी मदद नहीं होती, तो ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव हार जाते। ट्रंप सरकार की तरफ से प्रस्तावित नया टैक्स और खर्च बिल, जो हाल ही में अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में पास हुआ है, इस पूरे विवाद की जड़ है। एलन मस्क ने इस बिल को सोशल मीडिया पर घिनौना और शर्मनाक बताया और अपने फॉलोअर्स से कहा कि वे अपने प्रतिनिधियों को फोन कर इसका विरोध करें। मस्क ने कहा कि यह बिल अमेरिका के कर्ज को और बढ़ा देगा और लंबे समय में नुकसानदायक होगा। ट्रंप की ओर से जब मस्क की कंपनियों-स्पेसएक्स और स्टारलिंक के सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स में कटौती की धमकी दी गई, तब मस्क ने जवाब में लिखा कि स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को हटाना शुरू कर देगा।

# वक्फ संपत्तियों का होगा रजिस्ट्रेशन, केंद्र सरकार ने लॉन्च किया उम्मीद पोर्टल



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून 2025 पर अंतरिम रोक की मांग का मुद्दा लंबित रहने के बीच सरकार ने इस कानून के तहत कदम आगे बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन कानून के तहत वक्फ संपत्तियों के पंजीयन के लिए केंद्रीय पोर्टल यूनिफाईड वक्फ मैनेजमेंट, एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट लॉन्च किया।

इसे संक्षिप्त में उम्मीद पोर्टल कहा जा रहा है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कहा कि उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन एवं संचालन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी। यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों की वास्तविक समय पर अपलोडिंग, सत्यापन और निगरानी के लिए एक केंद्रीयकृत डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा। वक्फ कानून के मुताबिक, इस पोर्टल के लांच होने के छह महीने के भीतर वक्फ संपत्तियों की सभी जानकारी इस पर अपलोड करनी होगी। इसके बाद जिला या वक्फ बोर्ड के सक्षम अधिकारी जानकारी को वैरीफाई यानी सत्यापित करेंगे। और फिर 17 अंकों की यूनिक आइडी जारी की जाएगी।

# आरबीआई की रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट कटौती का भारतीय बाजार ने किया स्वागत




मुंबई। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बड़ी कटौती कर इसे 6 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत कर दिया है। इसी के साथ नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 100 आधार अंकों की कटौती के बाद इसे 4 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करने की घोषणा की गई है। आरबीआई के इस फैसले के तुरंत बाद भारतीय बेंचमार्क सूचकांक में उछाल आया।

सुबह करीब 10.46 बजे सेंसेक्स 505.7 अंक या 0.62 प्रतिशत बढ़कर 81,947.74 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 168.40 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 24,919.30 पर था।

निफ्टी बैंक 682.95 अंक या 1.22 प्रतिशत बढ़कर 56,443.80 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 363.20 अंक या 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,666.20 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 48.25 अंक या 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,480.85 पर था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स रहे। वहीं, सन फार्मा, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स रहे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी.के. विजयकुमार ने कहा, मौद्रिक रुख में अकोमोडेटिव से न्यूट्रल बदलाव यह भी दर्शाता है कि जब तक स्थिति की मांग न हो, दरों में अतिरिक्त कटौती की संभावना नहीं है। उम्मीद है कि इस दर कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, जो मार्जिन में गिरावट की भरपाई करेगी।

एमके ग्लोबल की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आरबीआई ने सभी नीतिगत कार्रवाइयों को पहले ही लागू कर दिया है, चाहे वह अपेक्षा से अधिक दरों में कटौती हो या कम सीआरआर के माध्यम से ड्यूरेबल लिक्विडिटी प्रदान करना हो। अरोड़ा ने कहा, अब इन सबका मतलब है कि आसान वित्तीय स्थितियों को तेजी से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी बैंकों के हाथ में है।

इससे पहले, आरबीआई एमपीसी के प्रमुख निर्णय से पहले घरेलू बेंचमार्क सूचकांक सपाट खुले थे। शुरुआती कारोबार में आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई थी।

# जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे पीएम मोदी, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन कर दिया न्योता



नई दिल्ली। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में जीत की बधाई दी और इस महीने के अंत में कनानास्किस में होने वाले त7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, भारत और कनाडा दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं और हमारे लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। हम आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नई ऊर्जा के साथ मिलकर काम करेंगे। जी7 शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं।

### भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट कैसे आई?

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद की हाल ही में फोन पर बातचीत हुई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बाद संबंधों में सुधार के संकेत मिलने लगे थे। भारत और कनाडा के रिश्ते तब बिगड़ गए थे जब सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गलत बताया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में गिरावट आई और एक-दूसरे के कई राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**आरसीबी के अधिकारी समेत चार...**

निर्देश दिया था कि वे भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करे। प्रथम दृष्टया उनकी ओर से ही गैरजिम्मेदारी और लापरवाही दिखाई गई। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। इस बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघु राम भट और कुछ अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। पुलिस ने गुरुवार को आरसीबी, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में शामिल होने के लिए उमड़े थे। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए।

**आरसीबी और केएससीए के....**

गुरुवार को आरसीबी, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और केएससीए के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसके बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा था और उन्होंने कोर्ट से चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। केएससीए को कर्नाटक हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी। हालांकि, अब पीड़ित ने इन पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को भी हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार से पूछताछ की जा रही है। उनमें से कुछ को कथित तौर पर शहर के बाहरी इलाके केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से हिरासत में लिया गया था।

**विस में आरसीबी इवेंट की कर्नाटक...**

शामिल थी. इस संबंध में कर्नाटक सरकार के आदेश की कॉपी आज तक के हाथ लगी है. राज्य सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को डीसीपी विधानसभा सिक्योरिटी द्वारा जारी मंजूरी के आधार पर इवेंट के लिए अप्रूवल प्रदान किया था. मुख्य शर्तों में आयोजकों को कार्यक्रम से पहले डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से 10,000 रुपये का स्वच्छता शुल्क देने का निर्देश दिया गया था. लेटर ऑफ अप्रूवल में इस बात पर जोर दिया गया कि आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर सीढ़ियों, मूर्तियों, सड़कों या उद्यानों को होने वाली किसी भी क्षति के लिए पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी. प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था. सभी रिफ्रेशमेंट काउंटर कार्यक्रम स्थल के बाहर तैयार किए जाने थे, तथा स्थल पर गैस सिलेंडरों के उपयोग की अनुमति नहीं थी.

**कर्नाटक सरकार का एक्शन, सिद्दरमैया....**

कमिश्नर को फोन करके जीत के जश्न को मनाने के लिए परमिशन देने का दबाव बनाया। जब कमिश्नर ने कहा कि दो कार्यक्रम होने से सिक्योरिटी की समस्या पैदा होगी और पुलिस रात भर भीड़ को कंट्रोल करके थकी हुई है। कुमारस्वामी के मुताबिक, इसके बाद गोविंदराजू ने सिद्दरमैया से कमिश्नर की बात कराई और सीएम ने मौखिक रूप से निर्देशों का पालन करने और कार्यक्रमों की परमिशन देने के आदेश दिए। माना जा रहा है कि गोविंदराजू को उनके पद से इसलिए ही हटाया गया है। वहीं कर्नाटक सरकार ने एडीजीपी इंटेलीजेंस हेमंत निंबालकर का भी ट्रांसफर कर दिया है। आरोप लगाए गए थे कि सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचा रही है, क्योंकि उनकी पत्नी कांग्रेस की पूर्व विधायक है।

**पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में....**

कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे। पीएम मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया। कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्से से जोड़े रखने के लिए 1997 में SBRL प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। 43 हजार 780 करोड़ से बना चिनाब ब्रिज इसी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। 272 किमी लंबी इस रेललाइन में 36 सुरंगें हैं। कुल 119 किमी है। 12.77 किमी लंबी ज्ञ-49 टनल देश की सबसे लंबी ट्रांसपोर्ट टनल है। ट्रैक पर 943 पुल हैं जिनकी कुल लंबाई 13 किमी है। चिनाब ब्रिज को 17 स्टील के खंभों पर खड़ा किया गया है, जो कि एक आर्क (धनुषाकार) लोहे के बेस पर स्थापित हैं। चेनाब ब्रिज 260 किमी/घंटा की हवाओं और सिस्मिक जोन-5 यानी भूकंप संवेदी क्षेत्र के लिए डिजाइन किया गया है। इसका फाउंडेशन आधे फुटबॉल मैदान जितना बड़ा है और इसमें 30,000 टन स्टील का उपयोग हुआ है। यह ब्रिज इंजीनियरिंग की दृष्टि से एक अद्वितीय उपलब्धि है और दुनिया में सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। अंजी खड्ड पर बना पुल भारत का पहला केबल-स्टेड रेल ब्रिज है। पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक और वापसी मार्ग पर 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**मेहुल चोकसी के बैंक, डीमैट और....**

लिए बेल्जियम गया था, तब उसे बेल्जियम में पाया गया था। वह भारत छोड़ने के बाद 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था। मोदी को मार्च 2019 में स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल उस देश की जेल में है। 4 जून को जारी नोटिस में सेबी ने कहा कि 2.1 करोड़ रुपये की लंबित देनदारियों में 1.5 करोड़ रुपये का प्रारंभिक जुर्माना और 60 लाख रुपये का ब्याज शामिल है।

**बकरीद पर न हो बवाल....**

खुली जगह पर कुर्बानी करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है. वहीं, महाराष्ट्र में भी बकरीद पर सियासत बढ़ गई है. कल्याण के दुर्गाडी मंदिर पर बकरीद के दिन शिवसेना मंदिर पर खुला रखकर पूजा पाठ करे की मांग की है. इसी मांग को लेकर पिछले दिनों ठाकरे की शिवसेना के उपनेता विजय साल्वी और शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर पुलिस के पास पहुंचे थे. दरअसल, शांति भंग होने के डर से पुलिस बकरीद के दिन कल्याण के दुर्गाडी किले के मंदिर को बंद कर देती है और नमाज कुर्बानी तक दुर्गाडी किले में प्रवेश करने, सुबह की आरती और घंटे घड़ियाल बजाने पर प्रतिबंध लगाती रही है. लेकिन इस बार शिवसेना मंदिर को खुला रखने की मांग कर रही है. हालांकि, कल्याण में बकरीद पर घंटा बजाओ अभियान बालासाहेब ठाकरे ने ही शुरू कराया था. जिसे उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेता चालू रखना चाहते हैं. उधर बीजेपी के नेता नीतेश राणे इस दलील के साथ पशुओं की कुर्बानी का विरोध कर रहे हैं कि हिंदू पर्व त्योहार जब इको फ्रेंडली हो सकते हैं तो बकरीद क्यों नहीं. आदित्य ठाकरे का कहना है कि सरकार का काम ये सब देखना नहीं है .. सरकार का काम है लोगों की समस्याओं को दूर रखना .. त्योहारों में घुसना सरकार का काम नहीं है .. सरकार का काम है पहलगाम के आतंकियों को पकड़ना है. महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नीतेश राणे का कहना है कि वर्चुअल बकरीद मनाने मे गलत क्या है? हम अगर पशु प्रेमी है, जानवर की जान बचानी है तो अलग-अलग तरिके है... जब हिंदु त्योहार से पहले हमें कुछ लोग सलाह देते है वो सरकार के माध्यम से नहीं आते.

**बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश....**

है. यूक्रेन की तरफ से ये हमले ऐसे वक्त में किए गए थे, जब वह रूस के साथ जंग के चौथे साल में है और 2 जून को इस्तांबुल में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता के दूसरे दौर से ठीक पहले इन्हें अंजाम दिया गया था. 16 मई को पहले दौर में दोनों पक्षों के बीच कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली हुई थी. यूक्रेन के इस हमले के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन के करीबी और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा था कि जो लोग चिंतित हैं और प्रतिशोध का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें चिंतित होना चाहिए- यह एक सामान्य व्यक्ति की भावना है. प्रतिशोध अवश्य होगा. मेदवेदेव के इस बयान से स्पष्ट है कि रूस इस हमले को हल्के में नहीं लेने वाला है और वह इसका जवाब देने की योजना बना रहा है.

**बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में....**

ने उन दिखावटी चुनावों का आयोजन किया, उन्हें लोगों ने अपराधी करार दिया। उनसे जो शासन उभरे, उन्हें आखिरकार जनता ने अस्वीकार कर दिया। अगस्त 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति के संदर्भ में यह एक बड़ा घटनाक्रम है। यूनुस ने पिछले कुछ महीनों के दौरान कई मौकों पर कहा है कि सुधारों के आधार पर अगला चुनाव दिसंबर 2025 और जून 2026 के बीच होगा। अब सरकार की ओर से तारीखों का एलान हो गया है। देश में अगले चुनाव करीब 11 महीने बाद होने हैं। खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी और उसकी विचारधारा वाले अन्य दल मांग कर रहे हैं कि चुनाव दिसंबर तक हो जाएं। जुलाई में विद्रोह करने वाले नेताओं से बनी नई राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी सुधारों के पूरा होने के बाद चुनाव कराने पर जोर दे रही है।

**छत्तीसगढ़ पुलिस में बड़े पैमाने....**

श्रुति चक्रवर्ती, संतोषी ग्रेस शामिल हैं। वहीं आशा (लकड़ा) तिर्की, बैजंतीमाला तिग्गा, किरण गुप्ता, रोशनी वासनिक (कुजूर), उषा सौंधिया, विवेक शर्मा, नरेश कुमार पटेल, नवी मोनिका शर्मा (पाण्डेय), माया शर्मा, ममता शर्मा (अली), सत्यकला रामटेके, योगिताबाली खापर्डे, प्रमिला मण्डावी, कविता ध्रुवे, भारती मरकाम (शोरी) और लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सहायक सेनानी के पद पर 7 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें रुस्तम सारंग, नरेश कुमार नेहरु, टेलेस्फोर मिंज, याद राम बघेल, विकास कुजूर, मनोज कुमार गुप्त और नीलककिशोर अवस्थी शामिल हैं। उप पुलिस अधीक्षक (अंगुल चिन्ह) संवर्ग में 3 अधिकारियों को पदोन्नति मिली है, जिनमें अजय कुमार साहू, राकेश कुमार नरवरे और विद्या जौहर शामिल हैं। उप पुलिस अधीक्षक (रक्षित) के पद पर सीमा अहिरवार (भास्कर) को पदोन्नत किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा)के पद पर अनिल कुमार कश्यप को पदोन्नति दी गई है । वहीं, उप पुलिस अधीक्षक एम (वरिष्ठ रिपोर्टर) के पद पर संजय कुमार शुक्ला को पदोन्नत किया गया है।

# औद्योगिक संस्थाएं अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पौधरोपण करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## औद्योगिक संस्थान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाये- एसपी मोहित गर्ग

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बारिश को ध्यान में रखते हुए जिले में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले की पहचान जिला मुख्यालय से होती है। इसके लिए व्यवस्थित तरीके से पौधरोपण और रखरखाव करना बहुत जरूरी है। उन्होंने इसके लिए कार्ययोजना बनाकर पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थाएं अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पौधरोपण करें। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने औद्योगिक संस्थाओं से अपने परिसर के साथ आस-पास के क्षेत्र और जिले में पौधरोपण के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि शहर में व्यवस्थित पौधरोपण के साथ पौधों की सुरक्षा करना बहुत जरूरी है। शहर के गार्डन, सड़क किनारे, डिवाईडर, चौक-चौराहे जैसे स्थानों में पौधरोपण कर सकते हैं। औद्योगिक संस्थान स्थान चिन्हांकित कर अपना पौधरोपण कर सकते है। इससे शहर बहुत सुन्दर दिखेगा और व्यवस्थित पौधरोपण होगा। उन्होंने औद्योगिक संस्थाओं को एक वर्ष तक के लिए चिन्हांकित क्षेत्रों में पौधरोपण कर रखरखाव करने कहा। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता वाले 8 से 10 फीट तक के बड़े पौधों का रोपण करने कहा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हांकित स्थानों में




कलेक्टर ने जिले में अधिक से अधिक पौधरोपण करने औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की ली बैठक
शहर में व्यवस्थित पौधरोपण के साथ पौधों की सुरक्षा करना जरूरी

फलदार और छायादार पौधे रोपित करने के लिए कहा। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए तिथि निर्धारित करने कहा गया।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि टोल नाका बचाने के लिए ठेकेदार एवं सप्लायर्स ग्रामीण क्षेत्र की छोटी सड़कों का उपयोग नहीं करें। इसके लिए लगातार जांच की जाएगी और ऐसे कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि औद्यागिक संस्थान शासकीय पानी टैंक से पानी को बिना अनुमति से नहीं लेने कहा। इसके लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति से पानी का उपयोग करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। औद्योगिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी औद्योगिक संस्थाओं को संस्था में कार्यरत कर्मचारी एवं मजदूरों की मूल निवास के साथ संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने सभी औद्योगिक संस्थाओं को अपने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था को अच्छे से रखने कहा।

### औद्योगिक संस्थाओं में कार्यरत मजदूरों का चरित्र सत्यापन कराये- एसपी गर्ग

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने औद्योगिक संस्थाओं में कार्यरत मजदूरों का चरित्र सत्यापन कराने कहा। जिसकी जानकारी पुलिस और संबंधित संस्थान के पास होना चाहिए। कार्यरत मजदूरों के संबंध में उनके मूल निवास, आधार कार्ड जैसे दस्तावेज को रखना होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ अच्छी गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरा लगाने कहा। जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर जांच कार्रवाई में मदद मिलेगी। संस्थान में सुरक्षा गार्ड लगाने कहा। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, उद्योग एवं श्रम विभाग के अधिकारी तथा जिले के औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# श्रद्धांजलि में अंधेरे की छाया: मिशन सन्डे ने दी स्व. देवव्रत सिंह को श्रद्धांजलि, नगर पालिका की लापरवाही पर जतायी नाराजगी

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ राजपरिवार के वंशज, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम इस बार प्रशासनिक लापरवाही के कारण भावनात्मक रूप से क्षत-विक्षत होता नजर आया। 3 जून की शाम को मिशन सन्डे टीम द्वारा दुर्गा चौक में स्थित स्व. देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। लेकिन जब पूरा शहर उन्हें श्रद्धांजलि देने उमड़ा था, उस समय दुर्गा चौक की प्रतिमा अंधेरे में डूबी रही। इस दृश्य ने जनभावनाओं को गहरे स्तर पर आहत किया। कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों ने मोबाइल की फ्लैशलाइट और मोमबत्ती के सहारे दीप प्रज्वलन किया।



इस पूरे घटनाक्रम को लेकर न केवल नागरिकों में रोष देखा गया, बल्कि स्वयं विधायक यशोदा वर्मा ने भी नगर पालिका प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने मौके पर ही नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी से फोन पर बातचीत कर नाराजगी जताई और पूछा कि इतनी महत्वपूर्ण जयंती पर प्रकाश की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा स्वर्गीय देवव्रत सिंह न केवल खैरागढ़ राजपरिवार के उत्तराधिकारी थे बल्कि उन्होंने जनसेवा को अपना धर्म मानकर राजनीति की। उनकी सहजता सादगी और जनता से जुड़ाव आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। ऐसे व्यक्तित्व की स्मृति को सम्मान देना केवल रस्म अदायगी नहीं बल्कि जनसम्मान का विषय है। यह महज एक तकनीकी गलती नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अपमान है। मिशन सन्डे के संयोजक मनराखन देवांगन ने कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नगर की प्रतिष्ठा से जुड़े आयोजन में इस तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मोती जघेल, लाल अशोक सिंह, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, डॉ.अरुण भारतद्वाज, रविंद्र सिंह गहेरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, सूर्यकान्त यादव, भूपेंद्र वर्मा, महेश यादव, शेखर दास वैस्नव, सुदर्शन ढीमार सहित बड़ी संख्या मे मिशन सन्डे की सदस्य ने मिलकर स्व. देवव्रत सिंह के योगदान को याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सिरलगढ़ प्राथमिक शाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ वृक्षारोपण

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। वृक्षारोपण का संकल्प लोगों ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक शाला सिरलगढ़, विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी में आयोजित यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति बढ़ते सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनकर सामने आया। 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी पहल न केवल भावनात्मक जुड़ाव लाती हैं, बल्कि प्रकृति संरक्षण में भी आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करती हैं, शहरवासियों का यह भी कहना है कि वृक्षारोपण केवल दिवस विशेष तक सीमित न रहे, बल्कि यह जन आंदोलन बने।

शिक्षक नीलकंठ कोमरे ने बताया कि हमारा उद्देश्य पौधरोपण



करना ही नहीं बल्कि लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने का भी है। स्कूली बच्चों लगाकर जानकारी देता है, पर्यावरण दिवस पर पौधा लगाने की तकनीक भी बताते हैं ताकि वह पौधा लगाने के बाद उसे संरक्षित भी रख पाएं। हम लोगों से पर्यावरण दिवस के मौके पर अपील करते हैं कि हर एक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए, ताकि हम प्रकृति को संजोय रखने में अपना योगदान दे सकें।

लेकेश्वर ठाकुर ने बताया एक पौधा लगाना सिर्फ पर्यावरण सेवा नहीं, बल्कि मानवता का सबसे सुंदर कार्य है। आज हम जो बीज बो रहे हैं, वही आने वाले कल को सुरक्षित और स्वच्छ बनाएंगे। आइए इस मुहिम को सिर्फ एक दिन का आयोजन न समझें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। लेखराम ठाकुर ने कहा आओ, हम सब मिलकर एक हरित और स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें। एक व्यक्ति - एक पौधा - एक वचन- हम प्रकृति के प्रहरी बनेंगे!

एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में नीलकंठ कोमरे, लेकेश्वर ठाकुर, लेखराम ठाकुर, राजू निर्मल, किरण मांडवी, समीर जुरेशिया, काव्य जुरेशिया, निधि चंद्रवंशी, प्रांजल चंद्रवंशी, टिम्पल चंद्रवंशी, पीतेश्वर चंद्रवंशी, मानसी नेताम, निगम नेताम एवं समस्त ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# ग्राम मुजगहन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



हरदी (दावा)। आज 5 जून को ग्राम मुजगहन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा ग्राम स्वच्छता समिति की बैठक रखी गई। बैठक में समिति की पदाधिकारीगण द्वारा सरपंच नीरा हिरवानी एवं वार्ड पंच रुखमनी सिन्हा का स्वागत किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, साफ पानी पेयजल उपयोग करने का संकल्प लिया। जिसमें बबली साहू, देवकला सिन्हा, योगिता साहू, पूर्णिमा साहू, सेवती ठाकुर, देवन ठाकुर, पदमा साहू, हेमीन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। आज 5 जून को पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. (श्रीमती) विनम्रता जैन के सफल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।




इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुग्रीव साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत सुरगी एवं ग्राम के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्म जैसे दशहरी, अल्फांसों, लंगड़ा, नीलम आदि के लगभग 175 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही कार्यशाला का आयोजन कर कृषि से संबंधित कीटनाशकों का न्यायसंगत उपयोग एवं उनके रखरखाव संबंधित व्याख्यान छात्र-छात्राओं को दिया गया, जिससे पर्यावरण को क्षति न पहुंचे, महाविद्यालय द्वारा संचालित फारमर्स फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत ग्राम चिखली, भरीटोला, मालडोंगरी एवं खुर्सीपार में कटहल, अमरूद, नींबू, करौंदा इत्यादि के लगभग 250 पौधों का वितरित कर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर डॉ. ललित रामटेके प्राध्यापक, डॉ. अभय बिसेन, सहायक प्राध्यापक, डॉ. द्विवेदी प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, डॉ.पूजा साहू, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. डिकेश्वर निषाद, सहायक प्राध्यापक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण छात्र-छात्राएं एनसीसी इकाई एवं एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खडेलवाल महिला मंडल की पहल: महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पहचान एग्जिबिशन 16 व 17 जुलाई

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में समाजसेवी खंडेलवाल महिला मंडल की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के नेतृत्व में विगत दिनों आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी माह 16 व 17 जुलाई को महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 'पहचान एग्जिबिशन' का निर्णय खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा लिया गया।

इस एग्जीबिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी बनाना है, ताकि वह आज के आपाधापी के युग में स्वयं के पैरों पर खड़ी हो सके। आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भूमिका प्रमुख हो, महिला स्वयं के रोजगार से आगे बढ़कर ऊंचाइयां हासिल करें, स्वावलंबी महिला सशक्त भारत में महिलाओं की भूमिका इस पहचान एग्जिबिशन से मजबूत होगी।

पहचान एग्जीबिशन में महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित घरेलू उत्पाद उपभोग सामग्री, हस्तशिल्प कला सामग्री, अगरबत्तियां, माटी कला मूर्तियां, आकर्षक पेंटिंग, महिलाओं के परिधान, महिलाओं की श्रृंगार सामग्री, विभिन्न प्रकार की ज्वेलरी, स्टेशनरी, बच्चों के खिलौने एवं स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल महिलाओं द्वारा इस पहचान एग्जीबिशन में लगाए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

# कलेक्टर ग्राम अचानकपुर भाटापारा में जल संरक्षण कार्यक्रम नीर और नारी कलश जल यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अचानकपुर भाटापारा में जल संरक्षण कार्यक्रम नीर और नारी कलश जल यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह एवं पद्मश्री फूलबासन यादव उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में स्वसहायता समूह एवं बिहान समूह की महिलाओं द्वारा नीर और नारी जल यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नीर और नारी जल यात्रा से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता आ रही है। कलेक्टर ने जल संरक्षण, भू जल संचयन, स्वच्छता हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अचानकपुर भाटापारा के सरपंच व पंच, जनपद पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, बिहान महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**जल संरक्षण, भू जल संचयन, स्वच्छता हेतु ग्रामीणों को किया गया प्रोत्साहित**

# निर्माणी श्रमिकों का किया जा रहा पंजीयन एवं नवीनीकरण

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पूर्व से पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपना पंजीयन व नवीनीकरण समय पर नहीं कराए है, जिनके पंजीयन की वैधता समाप्ति से 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, हितग्राही द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन व नवीनीकरण का कार्य छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा किया जा रहा है। नवीनीकरण पश्चात पंजीकृत श्रमिक छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं नियमानुसार लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्माणी श्रमिक आधार कार्ड, बैंक खाता, स्वघोषणा प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड के साथ श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव, नजदीकी च्वाईस सेंटर एवं जनपद पंचायतों के मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र में उपस्थित होकर अपना पंजीयन व नवीनीकरण करा सकते है। इसके साथ ही श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से पंजीयन व नवीनीकरण किया जा सकता है।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई 9 को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्य द्वारा 9 जून को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीडऩ से संबंधित 15 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। प्रकरणों की सुनवाई में आवेदिका व अनावेदक को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने कहा गया है।

# शा. दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. नीलू श्रीवास्तव के निर्देशन, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय सप्तर्षि एवं श्रीमती करुणा रावटे के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नीलू श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण कर हम आने वाले कल को बेहतर बना सकते हैं। यदि स्वस्थ रहना है तो हमें स्वच्छ वातावरण व स्वच्छ जल की आवश्यकता होगी। जिसके लिए आज हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं के लिए आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य दे सके। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. महेश श्रीवास्तव ने कहा कि मनुष्य ने विकास के लिए प्रकृति का अंधाधुन दोहन कर विश्व को विनाश की ओर धकेल दिया है। वास्तव में मनुष्य ही इसका दोषी है। अतः हमें इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर, एनसीसी अधिकारी चिरंजीव पाण्डे, रजिस्ट्रार दीपक परगनिया, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ किया गया।

# युक्तियुक्तकरण से गुणवत्तायुक्त शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

मोहला (दावा)। प्रभारी कलेक्टर श्रीमती भारती चंद्राकर ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत युक्तियुक्तकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक पदस्थ है, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचल की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है, वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है। छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है।

इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधा मिलेगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र शिक्षक का अनुपात का समावेश होगा। स्कूलों में संतुलन होगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर छात्र शिक्षक का अनुपात 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.02 बच्चे प्रति शिक्षक है जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य में 212 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं एवं 6872 चलाएं एकल शिक्षकीय हैं। हमारे जिले मोहला मानपुर अमरगढ़ चौकी में 13 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 203 शालाएं एकल शिक्षकीय है।

राज्य में 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन और 255 शाला एकल शिक्षकीय है। हमारे जिले में पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक की संख्या निरंक है, और 2 शाला एकल शिक्षकीय है। राज्य के प्राथमिक शालाओं में 7296 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 5536 शिक्षकों की आवश्यकता है। हमारे जिले में प्राथमिक स्कूलों में 229 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 78 शिक्षकों की आवश्यकता है। राज्य के प्राथमिक शालाओं में 3608 एवं पूर्व माध्यमिक




**जिला के अंतर्गत कोई भी स्कूल नहीं होगा प्रभावित एकल शिक्षकीय विद्यालय को मिली शिक्षकों की सौगात**
**प्रेस वार्ता में प्रभारी कलेक्टर ने दी जानकारी**

शालाओं में 1765 शिक्षक ही अतिशेष है। हमारे जिले में प्राथमिक शालाओं में 101 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 27 शिक्षक अतिशेष है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी।

यह व्यक्तियुक्तकरण कोई कटौती नहीं है, बल्कि गुणवत्ता शिक्षा और समानता की दिशा में बड़ा कदम है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं, कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रवाहित ना हो। राज्य में मात्र 241 स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है। हमारे जिले में प्राथमिक शाला 9 पूर्व माध्यमिक शाला 10 कुल 19 शालाओं का ही समायोजन किया जा रहा है। राज्य के कुल 10538 स्कूलों में से 10297 स्कूल यथावत संचालित रहेंगे। जबकि प्राथमिक शाला 612 पूर्व माध्यमिक शाला 204 कल साल 816 स्कूल यथावत संचालित होंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है और पास के शाला में बेहतर विकल्प मौजूद है। हमारे जिले में 2 प्राथमिक शालाएं कम छात्र संख्या एवं 1 किलोमीटर से कम दूरी के दायरे में है। जिसे समिति द्वारा दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण समायोजन नहीं करने का निर्णय लिया गया है। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है।

अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना किया जा रह है। युक्तिकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता में भी बने रहेगी। बच्चों में ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। अच्छी बिल्डिंग और लाइव लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

युक्तियुक्तकरण के बाद अब जिले में कोई भी प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है। जो कि पहले 13 शालाओं में थी। इस तरह से कोई भी माध्यमिक शाला एकल शिक्षक विहीन नहीं रहेगा। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में पहले 8 शाला में गणित एवं 3 स्कूलों में अंग्रेजी व्याख्याता शिक्षक नहीं थे। अब युक्तियुक्तकरण के बाद सभी शालाओं में शिक्षक की पूर्ति हो गया है।

### युक्तियुक्तकरण के बाद अब शालाओं का दृश्य

हाईस्कूल मड़ियांनवाडवी में उन्नयन के 6 साल बाद पहली बार गणित का व्याख्याता शिक्षक पदस्थ हुआ है। हाईस्कूल वासडी में लंबे समय से गणित, विज्ञान के व्याख्याता शिक्षा की मांग ग्रामीण द्वारा की जा रही थी, जो की युक्तियुक्तकरण के बाद पूर्ति हो गई है। जिले के तीनों ब्लाकों में शिक्षकों की संख्या अनियमित थी, जो अब सामान हुई है। मानपुर ब्लॉक के माध्यमिक शाला हुरेली 2018 से एकल शिक्षकीय था, जो अब 7 साल बाद प्रधान पाठक और 2 शिक्षक सहित कुल 3 शिक्षक पदस्थ हो गए हैं। इस तरह प्राथमिक शाला कलवर मानपुर 2 सालों से शिक्षक विहीन था, अब 2 शिक्षक युक्तियुक्तकरण के बाद पदस्थ हो गए हैं। इस प्रकार से युक्तियुक्तकरण जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इस दौरान एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरीया सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

# खैरागढ़ के अवेली में शर्मनाक घटना, भारत रत्न स्व.अटल बिहारी की मूर्ति में डाली गई जूतों की माला





**0 घटना के बाद ग्रामीणों और अटल अनुयायियों में गहराया आक्रोश**
**0 एसपी लक्ष्य शर्मा ने लिया संज्ञान, जाँच-कार्यवाही के दिये निर्देश**

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय से महज 12 कि.मी. दूर ग्राम अवेली ब्लॉक खैरागढ़ में बेहद शर्मनाक घटना घटी है। अवेली गांव के मुख्य चौक जिसे अटल चौक कहा जाता है, वहां स्थापित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात जूतों की माला डाली गई। घटना के बाद ग्रामीणों और अटल बिहारी वाजपेई के अनुयायियों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। मामले में एसपी लक्ष्य शर्मा ने फौरन संज्ञान लिया है और इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जाँच-कार्यवाही के निर्देश दिये है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अवेली से एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां अटल चौक में लगी पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा जूतों की माला का हार पहना दिया गया। ग्रामीणों ने जब सुबह उठ कर प्रतिमा पर जूतों की माला देखी तो तत्काल प्रतिमा के पास एकत्रित हुए और जालबांधा पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्राम कोतवाल के माध्यम से जूतों के हार को उतारा और मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है, कि अटल चौक के पास स्थित मैदान में दो दिवसीय कबड्डी मैच का आयोजन किया गया था जिसका कल समापन था। देर रात लगभग 2 बजे तक मैच चला उसके बाद सभी ग्रामीण अपने-अपने घर चले गए ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई है, कि यह घटना देर रात की है क्योंकि 4 बजे के आस पास अटल चौक के करीब लगी लाइट बंद हुई थी, उसी समय यह घटना हुई होगी क्योंकि विद्युत विभाग का भी कहना है, कि हमारे द्वारा लाइट बंद नहीं की गई। तो ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि असामाजिक तत्वों के द्वारा ही लाइट बंद करके इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। ग्राम पंचायत अवेली के पूर्व सरपंच व भाजपा नेता डोरेलाल साहू ने बताया कि घटना की सूचना मैने वरिष्ठ भाजपा नेताओं को दे दी है, अगर अपराधी को जल्द ही नहीं पकड़ा जाएगा तो हम सभी ग्रामीण सहित भाजपा नेता उग्र आंदोलन करेंगे।

### पुलिस बल सहित एसपी ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल, कहा जल्द पकड़े जायेंगे दोषी

अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति के अपमान मामले में जानकारी के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आया। मामले की जानकारी के बाद खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा व जालबांधा चौकी प्रभारी वीरेंद्र चंद्राकर पुलिसकर्मियों सहित तत्काल अवेली गांव पहुंचे। इसके बाद जिले के पुलिस कप्तान लक्ष्य शर्मा भी मौके पर पहुंचे और मामले की सूक्ष्मता से जांच पड़ताल की। एसपी लक्ष्य शर्मा ने मामले को लेकर कहा है कि घटना के लिए जिम्मेदार दोषी जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे।

### घटना की जानकारी के बाद भाजपा नेताओं ने मूर्ति की सफाई कर पहनाई फूलों की माला

सुबह घटना की जानकारी के बाद भाजपा खेमे में भी खलबली मच गई। इस दुखद घटना की जानकारी के बाद भाजपा के जिला अध्यक्ष बिशेसर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत के सभापति दिनेश वर्मा, खैरागढ़ जनपद के सभापति शैलेंद्र मिश्रा, विक्रम मानिकपुरी सहित भाजपा नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थल पहुंचकर पहले प्रतिमा को गंगाजल से धोया फिर पूजा अर्चना की और प्रतिमा स्थल को सजाकर प्रतिमा में फूलों की माला पहनाई।

# 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी व रोजगार विरोधी कदम है : प्रमोद दुबे

**युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार की अनुपलब्धियां गिनाई**



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की भाजपा सरकार 10463 स्कूल बंद करने जा रही और शिक्षा विरोधी व रोजगार विरोधी कदम है। इसको लेकर आज प्रेसवार्ता लेकर भाजपा सरकार पर कई निशाने साधे है। प्रेसवार्ता को रायपुर के पूर्व महापौर व सभापति प्रमोद दुबे ने लेते हुए कहा कि सीधे कहा जाए तो सरकार युक्तिकरण कर 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। जिसका कांग्रेस संगठन विरोध करती है। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी व शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है। नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षकों के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था। 12000 शिक्षकों के पद को खत्म कर दिए गए थे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है। इन अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियों से बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा।

श्री दुबे ने कहा कि शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षडयंत्र रचा है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवीं में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते है। जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है। अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षकों के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है। मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे! इसके अतिरिक्त मध्यांह भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।

पूर्व महापौर श्री दुबे ने सरकार पर सवाल दागते हुए कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यांह भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मीडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे। शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। अधिनायकवादी भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की और न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले न शिक्षक संगठनों की राय ली गई और न पालक संघ से पूछा गया, न ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गई। सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है। हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे है। कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रूका हुआ है। स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाई है। समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है। ऐसे में युक्तिकरण के नाम पर शिक्षकों को डराकर साय सरकार वसूली करना चाहती है। भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी। सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे, जबकि सच्चाई यह है कि मर्ज किये गए स्कूलों का डायस कोड विलोपित कर दिया गया है। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में दावा किया था कि राज्य में 58000 शिक्षकों के पद खाली है। विधानसभा में घोषणा किया 35000 पद भरे जाएंगे। इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई है, लेकिन यह भर्तियां नहीं करनी पड़े इसलिए 45000 पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नहीं रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे। युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद समाप्त होंगे। हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। कांग्रेस इसके खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ेगी। अब सभी जिलों एवं ब्लॉकों में आंदोलन चलाएंगे। शीघ्र ही आंदोलन का कार्यक्रम, तिथि और स्वरूप की घोषणा होगी। उक्त प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिन्टू, अजय अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, जिपं सदस्य विभा साहू, महेन्द्र यादव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, पंकज बांधव, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन आदि उपस्थित थे।

# डॉ. रमन की मेहनत रंग लाई, सिटी स्कैन मशीन के लिए अब और इंतजार नहीं



भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने दी गुड न्यूज

राजनांदगांव (दावा)। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नई सिटी स्किन मशीन की स्थापना बहुत जल्द होने वाली है। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से सीटी स्कैन मशीन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। एमएससी द्वारा इसकी खरीदी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खुलने के बाद यह अस्पताल राष्ट्रीय जिला चिकित्सालय की सीटी स्कैन पर निर्भर था। अब मरीजों को सीटी स्कैन के लिए भटकना पड़ रहा है। क्योंकि जिला चिकित्सालय की सिटी स्कैन मशीन एक्सपायरी डेट की हो चुकी है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी अब तक सीटी स्कैन मशीन की स्थापना नहीं हो सकी है। मरीज और उनके परिजनों के परेशानी को समझते हुए राजनांदगांव क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसके लिए लगातार प्रयास किया है। उनकी कोशिशें के बाद अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना बहुत जल्द होने जा रही है।

श्री श्यामकर ने आगे कहा कि मरीज को दोनों बड़े सरकारी अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। वहीं उन्हें यह डायग्नोस्टिक करने के लिए प्राइवेट अस्पतालों या प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटरो का रुख करना पड़ रहा है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक हानी उठानी पड़ रही है। जिला चिकित्सालय की मशीन पर रियायती दर पर सीटी स्कैन हो जाता था। अब विशेष तौर से गरीबों को इसके लिए ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन की सुविधा नहीं होने अथवा बंद होने से प्राइवेट हॉस्पिटल और प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर वाले अवसर का जमकर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन लगने के बाद एमआरआई की मशीन भी जल्द लगेगी। क्योंकि जब से भाजपा की सरकार आई है। तब से मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर लगातार सुधार किया जा रहा है। जिसका फायदा मरीजों पर परिजनों को मिल रहा है। इस दौरान भाजपा नेता राजेश श्यामकर के साथ व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य योगेश खत्री, अधीक्षक डॉ. अतुल देसकर, एमडी मेडिसिन डॉ. प्रकाश खुटे सहित मेडिकल कॉलेज के पूरे स्टॉप उपस्थित थे।

# ईद-उल-अजहा सिर्फ कुर्बानी नहीं, जिम्मेदारी और इंसानियत का पैगाम है - रईस अहमद शकील



राजनांदगांव (दावा)। ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील साहब ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे कुर्बानी को शरीअत के दायरे में रहकर सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ अंजाम दें। हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कुर्बानी अल्लाह की रजा के लिए की जाती है। इसे किसी भी तरह के सार्वजनिक असुविधा का कारण न बनने दें। उन्होंने समुदाय के नाम अपनी अपील में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। कुर्बानी केवल घरों या प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही करें सड़कों, गलियों या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए सोशल मीडिया पर कुर्बानी की तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करने से परहेज़ करें सफाई का विशेष ध्यान रखें। कुर्बानी का हिस्सा जरूरतमंदों तक आदब और सलीके से पहुंचाएं, कानून व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें, हर हाल में समाज के अन्य धर्मों की भावनाओं का सम्मान करें। जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने आगे बताया की उर्दू महीने जिल-हिज्जा के चांद की शरई तस्दीक के बाद और बारिश के मौसम को देखते हुए ईद-उल-अजहा की नमाज 7 जून शनिचर को मनाई जायेगी। मस्जिदों में नमाज का वक्त शाहे मदीना मस्जिद शांति नगर में सुबह 7:30 बजे, नूरी मस्जिद कन्हारपुरी में सुबह 8 बजे, नूरी मस्जिद गौरी नगर में सुबह 8:15 बजे, मोती मस्जिद तुलसीपुर में 8:30 बजे, हनी मस्जिद गोलबाजार में सुबह 8:45 बजे और जामा मस्जिद पठान पारा में सुबह 9 बजे रखा गया है। उसी तरह अल अज़ीज मस्जिद इंदामरा में सुबह 9:30 विशेष नमाज़ ईदुल अजहा की अदा की जाएगी। लिहाजा गुज़ारिश है कि वक्त का ख्याल रखें। चूंकि तयशुदा वक्त पर जमात कायम हो जाएगी। रईस अहमद शकील ने कहा की ईद-उल-अजहा हमें खुदा की राह में कुर्बानी का पैगाम देती है। मैदाने-अराफात में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने आज ही के दिन अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी। वह उनका इम्तिहान था, इसीलिए ईदुल अजहा पर कुर्बानी करने का हुक्म है। अल्लाह तआला से दुआ है कि यह मुबारक महीना हम सबके लिए रहमत, बरकत और मगफरित का जरिया बने, ईदुल-अज़्हा हमें कुर्बानी, इख्लास और तौहीद की याद दिलाता है दुआ है कि हमारी कुर्बानियां अल्लाह की बारगाह में कुबूल मकबूल हों, ईदुल-अज़्हा पर आपके घर में सुकून, रिश्तों में मोहब्बत और जिंदगी में बरकतों की बहार हो।

**प्रशासन से अपील :** समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने कहा स्थानीय प्रशासन और नगर निगम से भी अपील की गई है कि वे ईद-उल-अजहा के मद्देनजर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई के विशेष इंतजामात करें, ताकि कोई असुविधा न हो और त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

# कला साधना की तपस्थली खैरागढ़ में कला की नई क्रांति



**विदेशी कलाकारों द्वारा प्रवेश हेतु बढ़-चढ़कर किया जाता है आवेदन, रचनात्मक प्रतिभा को उजागर कर, कला के क्षेत्र में रच रहा नया इतिहास**
**० प्रवेश हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 16 जून**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ नृत्य, संगीत एवं ललित कला के क्षेत्र में एशिया का एकमात्र विशिष्ट विश्वविद्यालय है। यह संस्थान विद्यार्थियों के लिए एक समग्र, शोधोन्मुख एवं विद्यार्थी-केंद्रित वातावरण तैयार कर उनकी रचनात्मक क्षमता को जागृत करने और कला की गहराइयों से परिचित कराने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। संगीत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का पंजीयन 16 जून तक होगी। प्रवेश के लिए प्रथम अभिरुचि परीक्षा 24 से 27 जून तक आयोजित होगा, 30 जून तक इसका परिणाम जारी किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय अभिरुचि परीक्षा 22 से 24 जुलाई तक आयोजित होगी, इसकी चयन सूची 25 जुलाई को जारी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। भारत के अतिरिक्त अन्य कई देशों के विदेशी विद्यार्थियों द्वारा भी इस विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु बढ़-चढ़कर आवेदन किए जा रहें है। इस विश्विद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दुस्तानी गायन, हिन्दुस्तानी वायलिन, सितार, सरोद, तबला, कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिसी, लोक संगीत, नाटक, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, टेक्सटाइल्स डिजाइन जैसे पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा और डिग्री दी जाती है। इस विस्तृत पाठ्यक्रम संरचना से न केवल कला की विविध धाराओं में पारंगत होने का अवसर मिलेगा, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों के विस्तार हेतु विभिन्न विषयों में पीएच.डी. एवं डी.लिट् की सुविधा प्रदान करने वाला संभवतः भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है।

### विश्वविद्यालय की अनोखी विशेषताएँ

इंदिरा गांधी कला विश्वविद्यालय रचनात्मकता का मुक्त मंच- यहां छात्रों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा मनोहारी प्राकृतिक वातावरण में तनावरहित शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी कला में गहराई एवं शोध का समागम होता है। नृत्य, संगीत, ड्रामा एवं ललित कला के साथ-साथ अन्य विषयों की भी व्यापक जानकारी दी जा रही है, जिससे छात्रों का बौद्धिक विकास सुनिश्चित हो रहा है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य शुद्ध अंतःकरण एवं बाधा रहित प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ कला साधकों को ज्ञान के नए आयामों तथा कला की सच्ची भावना से परिचित कराना है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ विद्यार्थी अपनी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर कर, कला के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहे हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 700 से अधिक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। हाल ही में यूथ-फेस्टिवल में संगीत विश्वविद्यालय द्वारा चैम्पियनशिप ट्राफी प्राप्त किया है। इस विश्वविद्यालय को सभी कला साधकों एवं समुदाय के लिए एक तीर्थस्थल के रूप में स्थापित किया गया है, जहाँ परंपरा एवं नवाचार साथ-साथ प्रगति कर रहें हैं। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट 222.द्बद्मह्य1.ड्डष्.द्बठ्ठ पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# आगामी शिक्षा सत्र के दृष्टिगत आवश्यक बैठक 10 को


राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में 10 जून को सुबह 9.30 बजे से डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में आगामी शिक्षा सत्र के दृष्टिगत आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक का आयोजन दो पालियों में किया गया है। प्रथम पाली की बैठक सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिसमें जिले के सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहेंगे। द्वितीय पाली की बैठक सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिसमें जिले के सभी शासकीय हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। बैठक की दोनों पालियों में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी एवं सहायक संचालक अनिवार्यतः उपस्थित रहेंगे।

# मनराखन देवांगन ने की कड़ी निंदा, दोषियों पर कार्रवाई की मांग



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के खैरागढ़ ब्लॉके अंतर्गत ग्राम अवेली में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के साथ हुए शर्मनाक कृत्य ने क्षेत्र में आक्रोश की लहर है। बीती रात हुई इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता एवं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने तीव्र विरोध जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा यह कोई सामान्य शरारत नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेई की राष्ट्रनिष्ठा और विचारधारा पर सीधा प्रहार है। हम इस निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना करते हैं। अटल बिहारी वाजपेई किसी एक पार्टी के नहीं, पूरे देश के प्रधानमंत्री थे। वे भारत रत्न थे और उनके साथ ऐसा व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल दोषियों की पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com